डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com


PG-5


PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-वेब सीरीज रॉकेट बॉयज 2 में इस महान व्यक्ति का रोल प्ले करेंगे इश्वाक सिंह, ऐसा होगा एक्टर का रोल

वर्ष -09 अंक -15 | प्रयागराज ,गुरुवार, 16, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## इमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर बवाल,पीटीआई समर्थकों और पुलिस के बीच जबरदस्त झड़प

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पीटीआई प्रमुख इमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर देश के प्रमुख शहरों में पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प देखने को मिली है। इस झड़प में पूर्व पीएम इमरान खान के कई समर्थक घायल हो गए हैं। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों को भी हिंसा में चोटें आई हैं। दरअसल, पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में मंगलवार को पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। इस दौरान लाहौर में उनके जमान पार्क स्थित आवास के बाहर पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प देखने को मिली। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर काबू पाने के लिए जमान पार्क में रुक-रुक कर आंसू गैस के गोले भी दागे और समर्थकों पर लाठीचार्ज भी किया गया।एक सरकारी प्रवक्ता और गवाहों ने कहा कि इमरान खान की संभावित गिरफ्तारी से पहले देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन की घटनाएं सामने आई हैं। इसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए हैं। सरकार के प्रवक्ता आमिर मीर ने समाचार एजेंसी रायटर को बताया कि अदालत के आदेश पर इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए इस्लामाबाद से एक पुलिस



दल आया था, तभी उनके समर्थक इमरान के आवास के बाहर जमा हो गए डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पीटीआई कार्यकर्ताओं ने इमरान खान के आवास के साथ-साथ कैनाल रोड की ओर जाने वाले रास्ते को भी घेर लिया है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई के कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर हिंसा भी की है। जिसमें कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं। सरकार के प्रवक्ता आमिर मीर ने कहा अगर इमरान खान अदालत में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हैं तो यह अच्छा होगा, अन्यथा कानून अपना काम करेगा इससे पहले इमरान खान ने ट्विटर पर अपने कार्यकर्ताओं से सच्ची स्वतंत्रता के लिए लड़ने का आह्वान किया था। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि पुलिस मुझे गिरफ्तार करने और जेल भेजने के लिए आई है। अगर मुझे कुछ हो जाता है, या जेल भेज दिया जाता है, या वे मुझे मार देते हैं तो आपको यह साबित करना होगा कि यह देश इमरान खान के बिना भी संघर्ष करता रहेगा। वहीं, सरकार के प्रवक्ता मीर ने कहा कि सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अर्धसैनिक बलों को बुलाया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि जब पुलिस ने आंसूगैस के गोले दागे तो इमरान खान के कई समर्थक घायल हो गए। पिछले हफ्ते भी इसी तरह की झड़पें हुई थीं। पुलिस उप महानिरीक्षक सैयद शहजाद नदीम ने संवाददाताओं से कहा था कि हम केवल अदालत के आदेश का पालन करने के लिए यहां आए हैं। इस बीच इमरान के सहयोगी शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकती, क्योंकि उन्हें उच्च न्यायालय से सुरक्षात्मक जमानत मिली है। इमरान खान के सहयोगी फवाद चौधरी ने रायटर को बताया कि इस्लामाबाद की अदालत ने 2018 से 2022 तक सत्ता में रहने के दौरान अवैध रूप से सरकारी उपहार बेचने के मामले में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसी मामले में पुलिस उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर संघ ने कहा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**नई दिल्ली।** देश में समलैंगिक विवाह को लेकर चल रही बहस के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने केंद्र का समर्थन किया है।



उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े समलैंगिक विवाह के विषय में स्पष्ट किया कि विवाह संस्कार है, अनुबंध नहीं। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारतीय हिंदू दर्शन में विवाह एक संस्कार है। यह कोई कांट्रेक्ट या दो इंडीविजुअल लोगों के आनंद की चीज नहीं है। भारत में विवाह संस्कार है, अनुबंध नहीं। विवाह केवल अपने लिए नहीं, परिवार और समाज लिए भी है। विवाह दो विपरीत लिंग वालों के बीच ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले का यह बयान केंद्र द्वारा अपने हलफनामे में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिका का विरोध करने के बाद आया है।केंद्र ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की विभिन्न याचिकाओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट हलफनामा दायर किया है। हलफनामे में, केंद्र ने मांग का विरोध करते हुए कहा, समलैंगिकों के विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं को खारिज किया जाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं जिनमें समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग की गई है। कुछ याचिकाएं ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों ने भी दाखिल की हुई हैं। केंद्र सरकार ने मामले में हलफनामा दाखिल कर याचिकाओं का विरोध किया है। सरकार ने हलफनामे में कहा है कि इसको मान्यता से पर्सनल ला और स्वीकार्य सामाजिक मूल्यों में संतुलन प्रभावित होगा। समान लिंग के व्यक्तियों के पार्टनर्स के रूप में साथ रहने और यौन संबंध रखने की भारतीय परिवार इकाई की अवधारणा के साथ तुलना नहीं की जा सकती।

## राष्ट्रपति जो बाइडन ने गन कल्चर रोकने से संबंधित नए कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बढ़ रही गन कल्चर को रोकने के लिए बाइडन प्रशासन ने कमर कस ली है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार (स्थानीय समय) को



बंदूक के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने संबंधी एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश के तहत बंदूक की बिक्री के दौरान की जाने वाली पृष्ठभूमि की जांच की संख्या बढ़ाने के प्रयास को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि बंदूक खरीदने से पहले यह जांचना सामान्य बात है कि क्या वह कोई गुंडागर्दी या घरेलू दुर्व्यवहार करने वाला है। बाइडन ने यह भी कहा कि पिछले साल, उन्होंने 30 वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण बंदूक सुरक्षा कानून 'बाईपार्टिसन सेफर कम्युनिटीज एक्ट' पर हस्ताक्षर किए थे। यह मेरे पूर्ववर्तियों की तुलना में मेरे कार्यकाल में बंदूक हिंसा को कम करने के लिए अधिक कार्यकारी कार्रवाइयों को लेकर उठाया गया एक ठोस कदम था। गौरतलब है कि अमेरिका में अंधाधुंध गोलीबारी की कई घटनाएं सामने आने के बाद से हथियारों के दुरुपयोग पर लगाम लगाने को लेकर बहस छिड़ी है। जनवरी में लॉस एंजिलिस के समीप गोलीबारी में 11 लोग मारे गए थे।

## राहुल गांधी माफी मांगो' के नारों से संसद में हंगामा, लोकसभा-राज्यसभा कल तक स्थगित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरे चरण चल रहा है और वहीं, विपक्ष ने संसद और उसके बाहर अदाणी मामले में जेपीसी की मांग को लेकर विरोध किया।



आज फिर दोनों सदनों में राहुल से माफी की मांग को लेकर हंगामा हुआ। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी से लंदन में भारत की छवि खराब करने को लेकर माफी की मांग की तो कांग्रेस ने अदाणी मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की। लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी से माफी मांगने के नारों और विपक्ष के हंगामे के चलते दोनों सदनों को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए आज वरिष्ठ नेताओं संग बैठक की। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, पीयूष गोयल, नरेंद्र सिंह तोमर, किरेन रिजिजू, अनुराग ठाकुर और नितिन गडकरी सहित शीर्ष मंत्री इस बैठक में मौजूद रहे। ऑस्कर जीतने पर राज्यसभा में दी गई बधाई दो भारतीय फिल्मों को ऑस्कर मिलने पर राज्यसभा में बधाई दी गई है। राज्यसभा में जया बच्चन सहित विभिन्न नेताओं ने कहा कि भारतीय फिल्म जगत का नाम इससे रोशन हुआ है। अधीर रंजन बोले- सरकार सदन चलने से रोक रही कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने आज सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार खुद सदन नहीं चलाना चाहती। ऐसा नजारा कभी नहीं देखा कि सरकार के मंत्रियों ने सदन को ठप करने के लिए हंगामा किया हो। अधीर ने कहा कि राहुल गांधी आखिर माफी क्यों मांगेंगे? उन्होंने कोई गुनाह किया है? माफी तो सरकार के लोगों को मांगनी चाहिए।केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सदन में हंगामे को लेकर कांग्रेस पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को रोना-धोना बंद कर देश से मांफी मांगनी चाहिए। ठाकुर ने कहा कि आज भारत एक ओर वैश्विक स्तर पर महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और भारत 320 की अध्यक्षता कर रहा है। ये सभी चीजें भारत के बढ़ते कदम दिखाती है लेकिन दूसरी ओर राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

## पलक्कड़ में भाजपा के दो कार्यकर्ताओं पर हथियारों से हमला, बचाने आई मां के साथ भी मारपीट; मामला दर्ज



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**केरल।** केरल के पलक्कड़ जिले के अलाथुर में बीती रात भाजपा के दो कार्यकर्ताओं विष्णु और दिनेश पर हथियारों से हमला किया गया। विष्णु की मां, जिन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की उनपर भी हमला किया गया। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अलाथुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अलथुर पुलिस ने मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## बेंगलुरु-मैसुर एक्सप्रेस-वे पर टोल वसूली के विरोध में प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**रामनगर (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेंगलुरु-मैसुर एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित किए जाने के दो दिन बाद उस पर बने



टोल बूथ पर मंगलवार को कई संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा स्थानीय लोगों के लिए उचित सर्विस रोड और पास बनाए बिना टोल कर की वसूली किए जाने का विरोध किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने परियोजना पूरी होने तक टोल शुल्क एकत्र करने का विरोध किया। उन्होंने सर्विस रोड का निर्माण नहीं किए जाने और टोल शुल्क की कथित उच्च दर होने पर भी आपत्ति जताई। भारी पुलिस बल के बीच प्रदर्शनकारियों ने न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की और सरकार की आलोचना की। कुछ प्रदर्शनकारियों ने टोल बूथ को ध्वस्त करने की धमकी दी। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। टोल कर संग्रह शुरू करने के पहले दिन कुछ तकनीकी खामी भी आई जिससे अफरा-तफरी की स्थिति रही और वाहनों को जाम की वजह से कतार में खड़ा होना पड़ा। इस रास्ते पर रोजाना चलने वाले कई कैब चालकों ने भी एनएचएआई अधिकारियों के कुप्रबंधन की निंदा की। कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया पुलिसकर्मियों की भारी उपस्थिति के बीच, प्रदर्शनकारियों ने न्याय की मांग के नारे लगाए और सरकार की आलोचना भी की, जबकि कुछ ने टोल प्लाजा को पूरी तरह से नष्ट करने की धमकी भी दी। कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया।

## भारतीय लड़ाकू वाहन का पता लगा पाना होगा मुश्किल, भारत में बना एकीकृत मोबाइल छलावरण सिस्टम खरीदेगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की हथियार प्रणालियों को भारत में ही बनाए जाने के लिए सरकार के



प्रयास रंग लाने लगे हैं। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाते हुए भारतीय सेना ने मंगलवार को रक्षा उत्कृष्टता (आईडेक्स) प्रोजेक्ट के लिए संशोधित प्रक्रिया के अनुसार नवाचारों की पहली खरीद की तरफ कदम बढ़ाए हैं इस बारे में दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, सेना भारतीय स्टार्टअप मैसर्स हाइपर स्टील्थ टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से मैकेनाइज्ड बलों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 'इंटीग्रेटेड मोबाइल केमोफलेज सिस्टम (आईएमसीएस)' खरीदेगी।इस बारे में मंगलवार को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। एकीकृत मोबाइल छलावरण प्रणाली में कम उत्सर्जन और/या कोटिंग्स और मोबाइल छलावरण प्रणाली सामग्रियां होती है। इससे बख्तरबंद लड़ाकू वाहन आसपास के परिवेश के रंग ढंग में ढल पाते हैं ताकि ये दुश्मन की नजर में आए बिना युद्ध कार्रवाइयां जारी रख सकें। यह तकनीक स्वदेशी स्टील्थ प्रौद्योगिकी में बड़ी छलांग है और इससे देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ेगा। आईएमसीएस से हैंड हेल्ड थर्मल इमेजर (एचएचटीआई)/ टैंक पर लगे थर्मल कैमरे बैटल फील्ड सर्विलांस रडार (बीएफएसआर) के माध्यम से तलाशे जाने पर एएफवी नजर में आने से बच सकेगा। इसके लिए संबंधित वाहन के दृश्य, थर्मल, इन्फ्रा-रेड और रडार सिग्नेचर को नियंत्रित किया जाता है।

## आईआईटी मद्रास के एक और छात्र ने की आत्महत्या, एक महीने के भीतर दूसरी घटना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के एक और छात्र ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। इस छात्र की पहचान पुष्पक के



तौर पर हुई। ये आंध्र प्रदेश का रहने वाला था और वो यहां बीटेक तृतीय वर्ष में पढ़ रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसके सहपाठियों ने दावा किया कि छात्र पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने को लेकर चिंतित था मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि छात्र को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और अपने शैक्षणिक कार्यों को पूरा करने में शायद समस्या हो रही थी। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने और पोस्टमॉ टम के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है इससे पहले पिछले महीने भी इसी संस्थान में एक छात्र ने आत्महत्या किया था। बीते महीने आइआइटी मद्रास में इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र ने खुदकुशी की थी। पुलिस के अनुसार, बीते महीने फांसी लगाने से जिस छात्र की मौत हुई वो महाराष्ट्र का रहने वाला था। उसकी पहचान 27 साल के स्टीफन सनी के तौर पर हुई थी। आइआइटी मद्रास ने एक बयान में कहा, 'बड़ी दुख के साथ बताया जा रहा है कि मद्रास 14 मार्च, 2023 को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के बीटेक छात्र के असामयिक निधन की सूचना देता है।

## गोवा के राज्यपाल बोले- 450 साल पुराने राजभवन में जनता का भी हो स्वागत, इस मामले पर केंद्र सरकार से होगी बातचीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**पणजी।** गोवा के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई ने कहा है कि उन्हें राजभवन की 450 साल पुरानी विरासत संरचना को तोड़ने में काई आपत्ति नहीं है। राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई ने राजभवन को जनता के लिए खेलने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि उन्हें राजभवन की 450 साल पुरानी विरासत संरचना को तोड़ने में काई आपत्ति नहीं है। पी एस श्रीधरन पिल्लई लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस ऐतिहासिक परिस (राजभवन) को जनता के दर्शन के लिए खोला जाना चाहिए। जनता को राजभवन जाने की अनुमति दी जानी चाहिएः राज्यपाल बता दें कि राजभवन का निर्माण 16वीं शताब्दी में हुआ है। यह महल अरब सागर के अलावा जुआरी और मंडोवी नदियों की ओर मुख वाली एक चट्टान के ऊपर खड़ा है। गौरतलब है कि यह पुर्तगाली काल से राज्यपाल का घर रहा है। पीटीआई से बात करते हुए राज्यपाल पिल्लई ने कहा कि एक लोक सेवक के रूप में उन्हें हमेशा लगता है कि जनता को राजभवन जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।उन्होंने कहा, 'फिलहाल कानूनी औपचारिकताओं का पालन करके जनता को (वर्तमान में) अनुमति नहीं दी जा सकती है। हालांकि, इस मामले को लेकर मैं उच्च अधिकारियों, गोवा सरकार और केंद्र सरकार के साथ चर्चा करने के बाद प्रस्ताव तैयार करूंगा।' उन्होंने कहा कि अगर प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाता है, तो लोग राजभवन तक पहुंच सकते हैं, जबकि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल यथावत रहेंगे। राज्यपाल ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वह अपने निवास को किसी निकटवर्ती स्थान पर स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव रखेंगे।



# जसरा में बनेगा बाईपास चित्रकूट की राह हुई आसान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयागराज से बाँदा, चित्रकूट व मध्यप्रदेश आने जाने वाले लोगों को अब जाम के झाम से शीघ्र ही मुक्ति मिलती नजर आ रही है।इसके लिए जसरा में बाईपास बनाया जायेगा।पाँच किमी लंबे बाईपास के लिए 275 करोड़ रुपये का बजट राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग के खाते में भेजी जा चुकी है। जसरा बाजार में लगभग 400 मीटर तक आरओबी बनाने का काम चालू होने वाला है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि आगामी मई के महीने से काम का शुभारंभ हो जायेगा।लगभग डेढ़ साल में आरओबी और बाईपास बनाने का काम पूरा हो जाएगा।बाईपास बनाने में लगभग छह गाँवों के बीच में सैकड़ों किसानों की 25 हेक्टेयर भूमि फंस रही है।उन्हें मुआवजा देने की प्रक्रिया भी एक पखवाड़े के भीतर ही शुरू कर दी जायेगी।टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है।बाईपास न होने से जसरा में अक्सर दो किमी दूर तक वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनुज कुमार ने बताया कि महाकुम्भ 2025 के पहले बाईपास और आरओबी का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है, मई माह से निर्माण कार्य भी किया जायेगा।किसानों की भूमि का मुआवजा देने की प्रक्रिया भी 15 दिनों में शुरू हो जायेगी।डेढ़ साल के अंदर ही निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

# मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय काल्विन मे बीमार मरीजो को पर्चा बनने में हो रही दुश्वारियां

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता इरशाद उल्ला ने लगाया आरोप मरीजों को किया जा रहा है परेशान इसको बंद नहीं किया गया करेंगे आंदोलन। मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय काल्विन मे आधार से लिंक होने के बाद आपके मोबाइल पर ओटीपी आएगी तभी बनेगा पर्चा। कांग्रेस नेता इरशाद उल्ला ने काल्विन की अधीक्षक नाइजा सिद्दीकी से मिलकर बीमार मरीजों को हो रही परेशानी को अवगत कराया और विरोध किया इरशाद उल्ला ने कहा बीमार मरीजों की लंबी लंबी लाइन लगवा ने से मरीज को परेशान हो रहा है मरीज का पर्चा बन जाने के बाद डॉक्टर उठ जाते हैं और उनकी कोई भी जांचे नहीं होती जिससे मरीज परेशान होकर प्राइवेट डॉक्टर को दिखाने को मजबूर होते हैं काफी मरीज वापस भी चले जाते हैं। मरीजों का फोन लेकर जबरजस्ती एक ऐप लोड करवाया जा रहा है। नेट स्लो हो जाए घंटो इंतजार करना पड़ता है ।



# उमेश पाल हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई, बरेली जिला जेल के जेलर और डिप्टी जेलर समेत सात सस्पेंड, दो गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** 24 फरवरी को प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड को लेकर बरेली में बड़ी कार्रवाई हुई है। बरेली जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ से मुलाकात मामले में बरेली जिला जेल के जेलर और डिप्टी जेलर समेत सात लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा पीलीभीत जेल में तैनात एक बंदीरक्षक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पिछले दिनों इस मामले में जिला जेल के बंदीरक्षक शिवहरि अवस्थी और कैंटीन में सामान सप्लाई करने वाले अशरफ के गुर्गे दयाराम को एसआईटी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस दौरान सामने आया कि बंदीरक्षक शिवहरि अवस्थी जेल अधिकारियों के कहने पर अशरफ से उसके गुर्गों की अकेले में मीटिंग कराता था। इस मामले में अशरफ, उसके साले सद्दाम, लल्ला गद्दी, बंदीरक्षक शिवहरि अवस्थी, कैंटीन के सामान सप्लायर दयाराम और जेल के अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जेल अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए डीआईजी जेल आरएन पांडेय को जांच सौंपी गई थी। उन्होंने सोमवार को डीजी जेल आनंद कुमार को सौंपी रिपोर्ट में जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला, जेलर राजीव कुमार मिश्र, डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह और कृष्ण मुरारी को दोषी बताया था। उसके आधार पर डीजी जेल ने जेलर राजीव कुमार मिश्र और डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह को सस्पेंड कर दिया है। बाकी अधिकारियों पर कार्रवाई का अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

# दलित गर्भवती महिला के साथ हुआ दुष्कर्म, नहीं दर्ज हुई प्राथमिकी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** मामला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव एक गाँव का है, जहां पर शौच के लिए गई महिला के साथ 3 लोगों ने शराब के नशे में बारी बारी से दुष्कर्म किया।परिणामस्वरूप गर्भवती महिला बेहोश हो गई।होश आने पर महिला अपने मकान मालकिन से आकर आप बीती बताई। उसके बाद पीड़ित महिला न्याय के लिए बारा थाने पर पहुंची और लिखित शिकायत की,लेकिन थाने में मौजूद महिला सिपाही ने पागल कह कर थाने से भगा दिया। महिला का इलाज प्रयागराज के स्वरुप रानी अस्पताल में इलाज शुरू हुआ। जिसमें महिला के पेट में आठ महीने का बच्चा पेट में ही मर गया था। जिसे डाक्टरों ने आपरेशन कर मृत बच्चे को बाहर निकाला।यह सब बातें महिला ने अपने होशो-हवास में बताया और बारा थाने में मुकदमा न दर्ज होने पर और महिला को न्याय न मिलने पर वह प्रयागराज कमिश्नरेट पहुंची और आप बीती बताकर अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। उसके बाद मीडिया से रुबरु होकर न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि अगर हमको न्याय नहीं मिलता है तो मैं आत्महत्या कर लूंगी। आखिर क्यों पुलिस विभाग इस महिला की बातों को नजरंदाज कर रही है क्या महिला के साथ दुष्कर्म नहीं हुआ है, क्यों महिला की बातें नहीं सुन रही बारा पुलिस कहीं ऐसा तो नहीं तीनों बलात्कारी पुलिस से जाकर मिल गये हैं आखिर बारा पुलिस को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने में क्या दिक्कत है एक तरफ महिला चिल्ला चिल्ला कर कह रही है कि हमारे साथ बलात्कार हुआ है और एक तरफ बारा थाने के दरोगा जी कह रहे हैं कि यह सब मनगढ़ंत कहानी है। आखिर पीड़िता महिला का एफ आई आर दर्ज हो पायेगा या नहीं पीड़िता महिला के पास स्वरूप रानी हास्पिटल से बनी रिपोर्ट भी है तब भी बारा पुलिस मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी क्यों कर रही है।



# 31 मार्च तक सामुदायिक शौचालय का कार्य पूर्ण करायें -जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल विकास भवन सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने पिछली बैठक की कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। डीपीआरओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) निर्मित होने के बाद ही एजेन्सी/फर्म का भुगतान किया जाये। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवशेष लाभार्थियों के किस्त का भुगतान समय से करायें जिससे लाभार्थियों का शौचालय जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को भी निर्देशित किया कि अपने कर्मचारियों को लगाकर कार्य को पूर्ण करायें जिससे कि 31 मार्च तक सामुदायिक शौचालय क्रियाशील हो जाये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने निर्देशित किया कि जनपद में जो पंचायत भवन के कार्य के लिये धनराशि प्राप्त हुई है उसे पंचायत भवन के कार्यो में लगाया जाये,



के अन्तर्गत फेज-2 में ओडीएफ प्लस हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में गंगा किनारे अवस्थित ग्राम/ग्राम पंचायतों को ठोस, द्रव अपशिष्ट प्रबन्धक (एसएलडब्ल्यूएम) की कार्ययोजना पर कार्य चल रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस कार्य में जो नोडल अधिकारी नामित है उस कार्य की गुणवत्तापूर्ण जांच करें, अगर यदि कार्य की प्रगति धीमी है तो प्रगति में तेजी लायी जाये, यदि कार्य गुणवत्तापूर्ण नही पाया जाता है तो विभागीय कार्यवाही की जाये। गोबर धन योजनान्तर्गत सामुदायिक बायोगैस प्लान्ट के निर्माण के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि विकास खण्ड लालगंज के चयनित ग्राम पंचायत पहाड़पुर में बायोगैस प्लान्ट निर्मित कराया जाना है। बायोगैस प्लान्ट निर्मित कराये जाने हेतु जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि बायोगैस प्लान्ट फेज-2 के योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तर पर चयनित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन यूनिट (पी0डब्लू0एम0यू0) निर्माण हेतु क्रेडिट लिमिट जारी किये जाने पर चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।जिला पंचायत राज अधिकारी जनपद के 5000 से अधिक आबादी वाली 47 ग्राम पंचायतों में क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष धनराशि एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो की प्रगति की जानकारी दी जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक शौचालय में 80 कार्य अभी अपूर्ण है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि 31 मार्च तक सामुदायिक शौचालय के कार्य अवश्य पूर्ण कर लिये जाये एवं डीसी एनआरएलएम अन्य कार्यो में न लगाये, जिन ब्लाकों में पंचायत भवन अपूर्ण है वहां से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा यदि लापरवाही बरती जाती है तो एफआईआर दर्ज कराकर विभागीय कार्यवाही की जाय। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग लोगों द्वारा शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। कायाकल्प योजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों के कार्य पूर्ण कराये यदि लापरवाही पायी जाये तो वहां के प्रधान,सचिव, एडीओ पंचायत को नोटिस दी जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया,वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू,जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# शूटर बल्ली के धूमनगंज घर पर पुलिस ने की छापामारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** अतीक गैंग के शूटर बल्ली पंडित की कॉल डिटेल खंगालने के बाद पुलिस ने मंगलवार को धूमनगंज स्थित उसके घर पर छापामारी की। वहां से मिले मोबाइल और अन्य सामान जब्त कर लिया। साथ ही पुलिस ने उसके घर से डीवीआर को कब्जे में ले लिया। अब फुटेज की मदद से पुलिस पता लगा रही है कि बल्ली पंडित के घर पर कौन-कौन पहुंचा था। आखिर अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन शूटरों को लेकर वहां क्यों गई थी। सिर्फ कार्यक्रम में जाना मकसद था कि यह इसके पीछे कोई बड़ी साजिश थी। बल्ली ने पुलिस को बताया कि उसने घर पर उमेश पाल की हत्या से पहले एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उसी में शामिल होने के लिए अतीक की पत्नी शाइस्ता पहुंची थी। पुलिस को गली में लगे सीसीटीवी फुटेज में शाइस्ता नजर आई। उनके साथ कई लोग थे जिसमें फरार शूटर साबिर भी शामिल था। इन तथ्यों की जांच के लिए पुलिस ने बल्ली पंडित के घर से डीवीआर कब्जे में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने में पुलिस को समय लग रहा है।



# राहाटीकर में छुट्टा पशु बने फसल के दुश्मन,मारू साँड़ बने जानलेवा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रतापगढ़।** विकास खंड साँगीपुर के राहाटीकर गाँव में छुट्टा पशु किसानों की फसल के दुश्मन बन गए हैं। इन पशुओं के झुंड में मारू साँड़ लोगों के लिए जानलेवा बन गए हैं।पचासों पशुओं का झुंड जब निकलता है तो फसलों को पल भर में यह झुंड चट कर देता है।जब किसानों इन पशुओं को हाँकने के लिए जाते हैं झुंड में शामिल साँड़ इन पर आक्रमण कर देते हैं ये साँड कई किसानों को अब तक घायल कर चुके हैं। ग्राम प्रधान से जब



ग्रामीणों ने इन पशुओं को पशुशाला में पहुँचाने की बात की या गाँव में पशुशाला बनाने की बात की तो प्रधान का कहना है कि गाँव में कहीं जमीन ही नहीं जिससे कि पशुशाला बनाया जा सके।इसके अलावा इतने पशुओं को एक साथ किस गौशाला में पहुँचाया जाय और कैसे पहुँचाया जाय।यह बड़ी समस्या है।ये पशु रात में गाँव में जिस दरवाजे पर पहुँचते हैं वहाँ पालतू पशुओं के चारे को भी खा जाते हैं गाँव वाले इनसे परेशान हो गए हैं लेकिन प्रशासन आँख मूँद कर बैठा है। कोई कार्यवाही न करने से किसानों में निराशा और हताशा दिखाई पड़ रही है।

# बैंकों में लम्बित पत्रावलियों को निस्तारित कर लाभार्थियों को लाभान्वित करायें-जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) की बैठक सम्पन्न हुई। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के भौतिक लक्ष्य 104820 के सापेक्ष रबी की फसल के लिये 52410 एवं खरीफ के लिये 52410 निर्धारित किया गया है। वर्ष 2022-23 में रबी व खरीफ फसल के लिये 58963 भौतिक आवेदन स्वीकृत है एवं कुल राशि 58200.90 लाख का ऋण स्वीकृत किया चुका है। इसी प्रकार मत्स्य पालन केसीसी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 6750 लाभार्थियों का है विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष 176 पत्रावलियॉ बैंकों की विभिन्न शाखाओं में प्रेषित की गई जिनमें 33 पत्रावलियों में 60.87 लाख का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पशुपालक केसीसी योजना का वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 20710 लाभार्थियों का है विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष 4206 पत्रावलियॉ बैंकों की विभिन्न शखाओं में प्रेषित की गई जिनमें 4159 पत्रावलियों का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन एवं पशु पालन विभाग के केसीसी योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना की धीमी प्रगति में सुधार लायें अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक विकास खण्डों में किसानों की बैठक कर, केसीसी से सम्बन्धित किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाये। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष में योजना का भौतिक लक्ष्य 12 प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष 53 पत्रावलियॉ विभिन्न बैंकों की शाखाओं में प्रेषित की गई जिनमें 15 पत्रावलियों में ऋण स्वीकृत व 14 पत्रावली में ऋण वितरण किया जा चुका है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना में 2100 लाभार्थियों का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष 2073 प्रस्ताव बैंकों को भेजे गये जिनमें 1745 प्रस्तावों में 9402.82 लाख का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जनपद का ऋण जमानुपात, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वार्षिक ऋण योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैकों के जिला समन्वयकों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैंकों में शासकीय योजनाओं की लम्बित पत्रावलियॉ में रूचि लें और लाभार्थियों को लाभान्वित करायें, लापरवाही कदापि बन बरते अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में दिये गये निर्देशों का शत् प्रतिशत अनुपालन करें।



# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 नफर प्रकाश में आए अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद रबड की पाइप एक अदद स्कूटी एक्टिवा लाल रंग, एक अदद ई-रिक्शा बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 46/2023 धारा 436/120बी भादवि में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. कल्लू पासी पुत्र स्व0 कुल्लू पासी नि0 384/ए मीरापुर लालता देवी मंदिर के पास थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज उम्र 28 वर्ष 2. पप्पू सरदार उर्फ भूपेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 सरदार बलदेव सिंह नि0 हाल पता चैतन्य मार्ग मीरापुर थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज मूल निवास 86ए मीरापुर गुरूद्वारा रोड थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज उम्र 60 वर्ष नीम का पेड़ थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत थाना कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर उसके पास से एक अदद रबड की पाइप काले रंग की एक कपडे में सील सर्वमोहर दशा में मय नमूना मोहर के , एक अदद स्कूटी एक्टिवा लाल रंग, एक अदद ई-रिक्शा नीले रंग का सिटी लाइफ बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। **गिरफ्तार अभियुक्तः**-1.कल्लू पासी पुत्र स्व0 कुल्लू पासी नि0 384/ए मीरापुर लालता देवी मंदिर के पास थाना अतरसुईया जनपद प्रयागराज 2. पप्पू सरदार उर्फ भूपेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 सरदार बलदेव सिंह नि0 हाल पता चैतन्य मार्ग मीरापुर थाना अतरसुईया जनपद प्रयागराज मूल निवास 86 ए मीरापुर गुरूद्वारा रोड थाना अतरसुईया जनपद प्रयागराज **पंजीकृत अभियोग-** 1. मु0अ0सं0 46/23 धारा 436/120बी भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज ।**बरामदगी-** एक अदद रबड की पाइप काले रंग की एक कपडे में सील सर्वमोहर दशा में मय नमूना मोहर के , एक अदद स्कूटी एक्टिवा लाल रंग, एक अदद ई-रिक्शा नीले रंग का सिटी लाइफ बरामद हुआ । **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः**-1.व03उनि0 मुदित राय थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज 2.3उनि0 आशीष कुमार बौद्ध थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज3.हे0का0 जनार्दन यादव थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज4.का0 भीष्म शुक्ला थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज5.का0 राहुल चौधरी थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज।



# कॉल्विन अस्पताल में मरीजों को लगानी पड़ रही है लंबी लाइन, ऐप डाउनलोड करा क्यूआर कोड से बन रहा पर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** मोती लाला नेहरू जिला अस्पताल कॉल्विन में मरीजों की मुश्किल खत्म होने का नाम नहीं ले रही। सरकार द्वारा ड्रीफकेस ऐप की सुविधा उपलब्ध कराने के बावजूद जानकारी के अभाव और ज्यादातर मरीजों का आधार कार्ड मोबाइल नंबर से लिंक न होने की वजह से तांता लगे होने के बावजूद इलाज नाम मात्र लोगों का हो रहा है। दरअसल सरकार ने कुछ समय पहले ही ड्रीफकेस मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। सरकारी इलाज के लिए इसे डाउनलोड करना होगा। इसके लिए आधार कार्ड होना जरूरी है। साथ ही आधार कार्ड का मोबाइल नंबर लिंक होना चाहिए। अस्पताल में मरीज को मोबाइल से बारकोड को स्कैन करना होगा। जिससे उसे मोबाइल पर एक टोकन नंबर मिल जाएगा। उस नंबर के आने पर वह पंजीकरण काउंटर पर जाएगा। टोकन दिखाने पर वहां बैठा स्टाफ पर्चे का प्रिंटआउट दे देगा। आशा की जा रही थी की इस पद्धति से कम समय में मरीज की हाथ में पर्चा होगा और वह सीधे ओपीडी में जाकर डॉक्टर को अपनी समस्या बता सकेगा। लेकिन कॉल्विन में यह मरीजों के लिए शामत बन गई है। इस व्यवस्था से काफी मरीज वापस चले जा रहे हैं। फिलहाल अस्पताल में ही ऐप लोड करवाया जा रहा है। नेट स्लो होने की वजह से काफी समय तक इंतजार करना पड़ रहा है ।



## पुलिस मुठभेड़ में मारा गया सुभाष यादव गैंग का अपराधी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में अपराधी और गैंगस्टर के बीच मुठभेड़ की खबर है। करीब दस दिन पहले मध्य प्रदेश के सतना जिले में हत्या करके पंद्रह लाख रुपए की डकैती करने वाले बदमाश आनंद सागर को जौनपुर व सतना की पुलिस ने गुरुवार की सुबह मार गिराया। उसपर मध्य प्रदेश पुलिस से तीस हजार रुपये का इनाम घोषित था। आतंक का पर्याय बन चुका सुभाष यादव गैंग का अपराधी आनंद गुरुवार की सुबह जौनपुर के थाना बक्शा अंतर्गत अलीगंज के पास मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ को जौनपुर और सतना (मध्य प्रदेश) पुलिस की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। बता दें कि दस दिन पहले ही सतना में इस गैंग द्वारा हत्या के साथ पंद्रह लाख की डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। वारदात को लेकर मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा इनाम घोषित किया गया था। इस गैंग के द्वारा जौनपुर, वाराणसी, आज़मगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश के सतना सहित अन्य जनपदों में लगातार संगीन घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था।

# अलिजा की रचनाओं ने हिन्दु-मुस्लिम एकता को पिरोया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

बलिया।उत्तर-प्रदेश के बागी जनपद की सीयर ब्लॉक अंतर्गत फरसाटार में जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव, एलडीएम राजकुमार पान्डेय व फरसाटार के लोकप्रिय प्रधान जफरुल हक की प्रतिनिधी/पत्नी सबीना परवीन ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इसके तत्पश्चात स्वागत गीत के दौरान कार्यकत्री शैल कुमारी ने आदिकाल और आजके परिवेश की महिलाओं का परिवर्तन अपने सुरीली गीत के माध्यम से गाते हुए कहा की पहले गांव की महिला डरती थीं अब बन बैठीं थानेदार जमाना बदल गया समारोह के इस दौरान जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव ने बताया पांच स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रधान प्रतिनिधी के नेतृत्व में समुह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत राष्ट्र गान प्रस्तुत किया गया जो बहुत ही मनोहारी रहा, ग्रामीण अंचल की उपस्थित महिलाओं की देश के प्रती आस्थावान होते देख, उपस्थित अधिकारियों ने उनके इस कार्यों की खूब सराहना की। खास तौर पर फरसाटार के लोकप्रिय प्रधान जफरूल हक की सुपुत्री अलिजा हक ने अपने सुरीली आवाजों से देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। सीयर ब्लाक फरसाटार के लोकप्रिय प्रधान की पत्नी शबीना परवीन ने भारत टाइम्स को बताया कि प्रधानमंत्री की मंशा वोकल फार लोकल को हम सब तभी साकार कर सकेंगे जब स्थानीय उत्पादों को हम बढ़ावा देंगे। स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए जरूरी है कि हम उनके बनाए हुए उत्पादों को खारीदें। इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से दिव्यावती देवी ,सुनैना ,मालती देवी ,दुर्गावती देवी ,सुभावती देवी, भागमणि देवी ,कंचन देवी, मधु देवी ,नीतू देवी, सरिता देवी,जमनती देवी ,रीता देवी आदी उपस्थित रहीं.....शैल कुमारी और हरिश्चंद्र की देखरेख में प्रशिक्षण का कार्य संपन्न हुआ।



# नेचुरल स्टार नानी की फिल्म दसरा का लखनऊ में भव्य तरीके से किया गया ट्रेलर लॉन्च

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** नेचुरल स्टार नानी देश भर में प्रशंसकों को लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं दसरा' जिसका लखनऊ में पहला भव्य ट्रेलर लॉन्च किया गया। टीजर के रिलीज होने के बाद से ही नानी स्टारर फिल्म को लेकर बड़े पैमाने पर प्रत्याशा की जा रही है और ट्रेलर लॉन्च ने लोगे के उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। साउथ सुपरस्टार नानी ने एक ट्रक मे एक शानदार एंट्री की और भीड़ की एक्साइटमेंट देखने लायक थी। वह अभिनेता जो दक्षिण में अपने प्रतिष्ठित प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, वह अब नॉर्थ मार्केट में भी अपनी धाक जमाने के लिए तैयार है क्योंकि उसे अपनी पैन-इंडिया फिल्म को देश के कोने कोनों के प्रशंसकों तक पहुंचा पहुंचना है।श्रीकांत ओडेला द्वारा लिखित और निर्देशित 'दसरा' दर्शकों को सिंगरेनी कोयला खानों की सामाजिक आर्थिक स्थिति, राजनीतिक महत्वाकांक्षा और सत्ता संघर्ष को दर्शाएगी ।इस अवसर पर नानी कहते हैं कि, सिनेमा की दुनिया अब पहले की तरह अधिक इंक्लूसिव और एक्सपैंडिंग होती जा रही है। अब नार्थ फिल्म या साउथ फिल्म का कॉन्सेप्ट नहीं रहा। यह भारतीय दर्शकों के लिए एक भारतीय फिल्म है। मैं दर्शकों द्वारा दिए जा रहे प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं।निर्देशक श्रीकांत ओडेला ने कहा, ठमैंने दसरा को रॉ और रियल होने की कल्पना की थी और हम देश भर के दर्शकों के समक्ष उस प्रामाणिकता को लाकर बेहद खुश हैं। यह एक्शन से भरपूर फिल्म है, साथ ही इमोशनल भी, यह फिल्म मनोरंजन से भरपूर है ।निर्माता सुधाकर चेरुकुरी और श्रीकांत चुंडी का मानना है कि, दसरा उन लोगों के जीवन और संघर्ष को दर्शाती है जो मध्य प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं और यह देखते हुए कि लखनऊ को 'भारत के हृदय स्थल' के रूप में जाना जाता है, इसलिए ट्रेलर लॉन्च के लिए इसे बेहतर जगह कोई और नही थी।सुधाकर चेरुकुरी और श्रीकांत चुंडी द्वारा निर्मित 'दसरा' में नानी, कीर्ति सुरेश, दीक्षित शेट्टी, शाइन टॉम चाको, समुथिरकानी, साई कुमार नज़र आयेंगे। श्रीकांत ओडेला द्वारा लिखित और निर्देशित, संतोष नारायणन द्वारा संगीतबद्ध और सथ्यन सूर्यन आईएससी द्वारा छायांकन के साथ, यह फिल्म 30 मार्च को अपने बड़े राष्ट्रव्यापी रिलीज के लिए तैयार है।





सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।




| | |
|---|---|
| ➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) | फिटर |
| ➢ डेटा इंट्री आपरेटर | वेल्डर |
| ➢ फायर सेफ्टी | सीसीए |
| ➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग | रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी. |
| ➢ इलेक्ट्रीशियन | सिक्योरिटी सर्विस |
| ➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग | बेसिक कम्प्युटर |
| ➢ इलेक्ट्रिक मैकेनिक | कम्प्युटर हाडवेयर |

Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# बलिया-प्रयागराज मेमू समेत दो जोड़ी ट्रेन 16 से 20 तक निरस्त ,कई ट्रेनों का समय बदला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी-प्रयागराज खंड पर हंडिया खास-रामनाथपुर और राजातालाब-हरदत्तपुर के मध्य ब्रिज के मरम्मत के कारण दो जोड़ी ट्रेनें 10 से 20 मार्च निरस्त कर दी गई हैं।जबकि कुछ ट्रेनें समय परिवर्तन के साथ चलेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी-प्रयागराज खंड पर हंडिया खास-रामनाथपुर और राजातालाब-हरदत्तपुर के मध्य ब्रिज के मरम्मत के कारण दो जोड़ी ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। जबकि कुछ ट्रेन रि-शिड्यिूल कर चलाई जाएगी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार के मुताबिक बलिया से 16 और 20 मार्च को चलने वाली 05169 बलिया-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। प्रयागराज रामबाग से 16 और 20 मार्च को चलने वाली 05170 प्रयागराज रामबाग-बलिया अनारक्षित विशेष गाड़ी रद्द रहेगी। इसी तरह - प्रयागराज रामबाग से 16 एवं 20 मार्च, 2023 को चलने वाली 05196 प्रयागराज रामबाग-बनारस विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। बनारस से 16 एव 20 मार्च, 2023 को चलने वाली 05195 बनारस-प्रयागराज रामबाग विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। जबकि प्रयागराज रामबाग से 16 मार्च को चलने वाली 12334 प्रयागराज रामबाग-हावड़ा एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग से 90 मिनट और 20 मार्च को 60 मिनट रि-शिड्यिूल कर चलाई जाएगी। दानापुर से 20 मार्च को चलने वाली 12792 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।



# सतगढ़िया व अंधरी मोड़ के जंगल में तश्करों ने कटवाए कइयों दर्जन खैर के पेड़

## रेनुकूट वन प्रभाग के म्योरपुर रेंज में मनबसा व गोविंदपुर कर जंगल मे काटे गए पेड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/ सोनभद्र।** रेनुकूट वन प्रभाग के म्योरपुर वन रेंज के सतगढ़िया व अंधरी मोड़ के जंगल मे लबे रोड होली से पहले एक दर्जन खैर के परिपक्व पेड़ काट दिए गए। खैर के 35 सेमी से 40 सेमी व्यास के पेड़ जंगलों में काटे जाने से पर्यावरण कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है।पर्यावरण कार्यकर्ता केवला दुबे , रमेश ,जमुना ,दीपक ,पीके शर्मा आदि ने कहा कि यह सब जंगल के दुश्मन बने वन कर्मियों व म्योरपुर रेंजर की मिलीभगत से काटे गए है क्योंकि इतने भारी पैमाने पर कटान बिना इनके मिलीभगत संभव नही है । जंगल में तस्करों के द्वारा करवाये जा रहे लगातर अवैध कटान से उनमें रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि रेनुकूट वन प्रभाग का खैर अब लाल चंदन बन चुका है जिसे वीरप्पन बने तस्करों की नजर इस पर बराबर बनी हुई है और वे लगातार इसकी कटान करवा रहे है बाद में मिलीभगत कर जलौनी व अन्य छूट प्रजाति के पेड़ों की निकासी परमिट के आड़ में महानगरों व पंजाब भेज रहे है ।उधर रक्षक बना वन विभाग कटान की दूसरी तरफ गश्त कर लकीर पीट रहा है और जंगलों के प्रति झूठी



सजगता दिखा रहा है ।जब मामले का खुलासा होता है तो मामले में तश्करो व संलिप्त वनकर्मियों पर कार्रवाई ना कर नए ठूठों पर कालिख पुतवाने और जेसीबी से नष्ट करवाने में जुट जाता है ।पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने सतगढ़िया व अंधरी मोड़ के लबे रोड कड़े खैर की एक दर्जन पेड़ो की कीमत बीस लाख रुपये आंकते हुए इसकी भरपाई जिम्मेदारों से करवाये जाने की मांग की है । कहा कि अगर इसकी भरपाई नही की गई तो वे पीसीसीएफ को पत्र लिखेंगे। इस मामले में डीएफओ स्वतंत्र श्रीवास्तव ने कहा कि अभी मैं देख करके बताता हूं। पंजाब के कत्था के कारखानों में 10 हजार रुपये प्रति कुंतल नकद हो रही खरीद रेनुकूट वन प्रभाग का खैर का जंगल का इसलिए सफाया हो रहा है क्योंकि इस प्रजाति का पेड़ तश्करो का मोटी कमाई का जरिया बना हुआ है ,तश्कर इसकी एक ट्रक लकड़ी बेच कर 5 -7 लाख रुपये कमा रहे है । जानकारों की माने तो पंजाब में खैर की लकड़ी 10 हजार रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीदी जा रही है और इसका भुकतान भी तश्करो को नकद मिल रहा है इस कारण वे पूरे लगन से खैर की कटान करवा रहे हैं। रेनुकूट वन प्रभाग के विभिन्न खैर के जंगलों में भी तश्करो की नजर पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने बताया कि रेनुकूट वन प्रभाग के बराईदाड़,गड़िया, जाम पानी, आरंगपानी,आश्रम मोड़ ,रनटोला ,किरवानी, डडीहरा, सरडीहा ,करीं, मकरा व हाथीनाला के खैर के जंगल तश्करो के निशाने पर है ।यहां के जंगलों में हुए खैर की कटान की जाँच करने की मांग मुख्य वन संरक्षक से उठाई है जिसके लिए मंडलीय टीम गठित हो।और हुए अवैध कटान की भरपाई हो।

# जल निगम के अधिशासी अभियंता निलंबित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** हर घर नल योजना में लापरवाही मंगलवार को संबंधित अधिकारियों को भारी पड़ गई। योजनाओं में हुई प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लेने पहुंचे पहुंचे प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव ने मंगलवार को बड़ी करवाई की। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही से नाराज प्रमुख सचिव ने जल निगम के अधिशासी अभियंता संदीप सिंह को निलंबित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जागरूकता अभियान में लापरवाही और निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद नहीं रहने पर जिले में कार्य कर रही सभी पांच एजेंसियों का अनुबंध समाप्त कर दिया।निरीक्षण के दौरान गांव में पानी की जांच के सवाल पर भी अधिकारी कुछ जानकारी नहीं दे सके। आशंका जताई जा रही है कि मिर्जापुर में हर घर नल योजना के तहत चल रहे कार्यों के औचक निरीक्षण में मिली कमियों की गाज मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता पर भी गिर सकती है। गांवों में घरों तक पाइप लाइन नहीं पहुंचाए



जाने से प्रमुख सचिव काफी नाराज हुए। प्रमुख सचिव ने अहुंगी कला ग्राम समूह पेयजल योजना के निरीक्षण की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान और ग्रामीणों से बात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। जल जागरूकता अभियान में भी लापरवाही की शिकायत मिली। धौहा ग्राम समूह पेयजल योजना के जल शोधन संयंत्र को भी उन्होंने देखा। साथ ही गांव में हुए कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों से बात भी की। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक योजना में पानी के परीक्षण के लिए प्रयोगशाला को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रत्येक प्रोजेक्ट की साइट पर एक मैप लगाया जाना चाहिए, ताकि गांव-गांव किसी तरह से जलापूर्ति की व्यवस्था है, उसकी जानकारी हो सके। मैप में जल शोधन संयंत्र, टयूबवेल व पेजयल वितरण में लगे संसाधनों का पूरा ब्योरा हो शामिल होना चाहिए, ताकि जन सामान्य भी आसानी से योजना की पूरी जानकारी ले सकें। योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव ने अधिकारियों से जिले की सभी नौ ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में हुई प्रगति की जानकारी ली। प्रगति जानने के साथ ही जिन घरों में जलापूर्ति के लिए अब तक कनेक्शन नहीं हो पाए हैं, उसके लिए उन्होंने लक्ष्य भी निर्धारित किया। उन्होंने अब तक हुए कनेक्शन पर संतोष जताया। साथ ही अधिकारियों को योजना में विलंब होने पर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी।

# पैर फिसलने से कुएं में गिरी महिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ड्रमंडगंज।** थाना क्षेत्र के नौगवां गुरुआन बस्ती में मंगलवार को घर के पास पुत्र को गिरने से बचाने जगत पर पहुंच गया। अपने पुत्र को कुएं के पास देख शशिकला उसे गिरने से बचाने के लिए दौड़कर पहुंची। उसी दौरान अचानक



के चक्कर में पैर फिसलने से एक महिला कुएं में गिर गई। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर कुएं में गिरी महिला को रस्सी के सहारे बाहर निकाला। नौगवां गांव के गुरुआन बस्ती निवासी शशिकला विश्वकर्मा (26) पत्नी प्रेम लाल विश्वकर्मा का चार वर्षीय पुत्र दीपक खेलते हुए अचानक कुएं की शशिकला का पैर फिसल गया और वे पानी से भरे कुएं में गिर गईं। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को कुएं से बाहर निकाला। कुएं में गिरने से घायल महिला को परिजन उपचार के लिए बरौंधा स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां महिला का उपचार किया जा रहा है।

# बोलेरो की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अहरौरा।** क्षेत्र के खानजादीपुर इलाके में सोमवार की रात बोलेरो की चपेट में आकर अहरौरा के बुढ़ादेई निवासी बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में घायल पत्नी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। बुढ़ादेई निवासी रामेश्वर सिंह (55) पुत्र विजय बहादुर सिंह सोमवार की शाम अपनी पत्नी को बाइक पर बैठाकर घर जा रहे थे। रास्ते में खानजादीपुर गांव के पास सामने से आ रही बोलरो ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार उनकी पत्नी सड़क के किनारे गिर गईं। रामेश्वर सिंह बोलेरो के बोनट में फंस गए। बोलेरो सवार काफी दूर तक उन्हें घसीटते हुए ले गया। जिसे देख ग्रामीणों ने बोलरो को रोका। तभी चालक गाड़ी खड़ी कर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में ले लिया। मृतक रामेश्वर सिंह से तीन पुत्रियां और एक पुत्र हैं। किसी की भी शादी नहीं हुई है। शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव बुढ़ादेई में स्थित घर लाया गया। जहां काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी।




# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर, जमकर उड़े अबीर-गुलाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रेणुसागर।** बुढ़वा मंगल पर अनपरा नगर में महावीरी झंडा शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। मनमोहक झांकियों के बीच अबीर-गुलाल उड़ाते लोग भक्ति गीतों पर जमकर थिरके। इस दौरान सुरक्षा में पुलिस फोर्स तैनात रही। महावीरी झंडा शोभायात्रा के संस्थापक सुरेंद्र वर्मा ने सोनारी गली स्थित दुर्गा मंदिर पर बजरंग बली की पूजा कर उनकी झांकी को फूलों से सजे रथ पर आसीन कराया। शोभायात्रा समिति के युवा सदस्य पहाड़ी वाले हनुमान मंदिर से झंडा लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए, जो अनपरा बाजार होते हुए महावीर चौक पर पहुंचे। चौक से मुख्य झांकी के साथ बीके सिंह गली होते हुए परासी स्थित डीह बाबा के मंदिर पहुंचे। यहां भक्तों ने हनुमान जी की आरती उतारी। इसके बाद शोभायात्रा गली में भ्रमण कर सिनेमा रोड होते हुए महावीर चौक पहुंची। वहां से एक साथ कुल 25 झांकियां एक साथ निकली, जो अनपरा कॉलोनी होते हुए काशीमोड़, नेहरू चौक औड़ीमोड़ पहुंची। इसके बाद लैंको कॉलोनी गेट होते हुए कोलगेट, रेणुसागर कॉलोनी से अनपरा बाजार के वार्ड



नंबर 11 भरत नगर स्थित रामजानकी मंदिर में झंडे को विसर्जित किया गया। शोभायात्रा में शामिल भक्त जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। सदस्यों ने तलवार व लाठी भांजकर एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इस दौरान अबीर-गुलाल उड़ाते हुए महिला-पुरुष भक्ति गीतों पर खूब थिरके। समिति के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, जगदीश बैसवार, नितेश सिंह, आशीष मिश्रा, विश्राम बैसवार, पिन्टू वर्मा, राजेश गुप्ता, दीपक सिंह, रविजीत सिंह कंग, शहजाद अली व अन्य मौजूद रहे। शोभायात्रा मे क्षेत्रीय समितियों ने एक से बढ़कर एक झांकियां सजाई। शोभायात्रा मे कुल 25 झांकियां शामिल थीं। मनमोहक झांकियों को देखने के लिए लोग घरों और छतों पर खड़े रहे। राधा-कृष्ण, हनुमान जी और देवी पार्वती, महाकाली और भगवान भोलेनाथ की टोली के साथ सभी झांकियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस बार झांकी मे धोती ग्रुप भी शामिल किया था। शोभायात्रा के रास्तों की सफाई के लिए नगर पंचायत के ईओ अंशुमान सिंह सोमवार की सुबह से ही अपने पूरी टीम के साथ लगे रहे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर एएसपी कालू सिंह, पिपरी सीओ प्रदीप सिंह चंदेल, सदर सीओ आशीष मिश्रा, सीओ लाइन संजीव कटियार, अनपरा थानाध्यक्ष नागेश सिंह, रेणुसागर चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह, शक्तिनगर, बीजपुर, पिपरी, बभनी, विंढमगंज, हाथीनाला, पन्नूगंज थाने की फोर्स व दो प्लाटून पीएसी के जवान तैनात रहे। इस दौरान दुद्धी तहासीलदार बृजेश शर्मा, नायब तहसीलदार विशाल कुमार भी मौजूद रहे। शोभायात्रा के रास्ते को पूरी आगे खाली कराया जा रहा था। साथ ही सभी चौराहो और मोड़ पर पुलिस टीमों को तैनात किया गया था। इस दौरान शोभायात्रा के परियोजनाओं की एंबुलेंस और दमकल की गाड़ियां भी तैनात रहीं।

# सोनभद्र के घोरावल तहसील परिसर अपने आवास में घूस लेते हुए कानूनगो को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/ सोनभद्र।**पीड़ित जीतेंद्र प्रसाद का कहना है कि उसके जमीन की पैमाइश के लिए एसडीएम के द्वारा आदेश किया गया था बावजूद इसके कानूनगो द्वारा जमीन की नापी नहीं की जा रही थी और उससे ?10 हजार घूस की मांग की जा रही थी जिसकी शिकायत उसने एंटी करप्शन टीम से किया और टीम से मिलकर उसे ?5 हजार घूस के तौर पर दीया और उसको लेते समय एंटी करप्शन की टीम ने आरोपी कानूनगो मटरु लाल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पीड़ित जितेंद्र प्रसाद का कहना है कि एसडीएम के द्वारा उसके जमीन की नापी करने का आदेश किया गया था लेकिन कानूनगो के द्वारा उससे लगाता है पैसे की डिमांड की जाती रही पैसा ना देने की स्थिति में उसके जमीन की पैमाइश नहीं हो पा रही थी जिससे




परेशान होकर पीड़ित के द्वारा एंटी करप्शन टीम को मामले की जानकारी दी गई वाराणसी मिर्जापुर की संयुक्त एंटी करप्शन टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए कानूनगो को गिरफ्तार किया गया। जितेंद्र प्रसाद (पीड़ित) इस मामले में गिरफ्तार आरोपी कानूनगो मटरु लाल का कहना है कि आज एंटी करप्शन टीम ने ?5 हजार की घूस लेते हुए उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।मटरु लाल (आरोपी) जबकि घोरावल क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जितेंद्र प्रसाद जोकि डोमखरी गांव का रहने वाला है और उसके जमीन का विवाद था जिसकी पैमाइश के लिए एसडीएम घोरावल के द्वारा आदेश जारी किया गया था बावजूद इसके कानूनगो द्वारा खेत की पैमाइश नहीं की जा रही थी और बदले में ?10 हजार की डिमांड की जा रही थी पीड़ित के द्वारा एंटी करप्शन टीम से मिलकर ?5 हजार आज उसे घूस दिया गया जिस पर एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। अमित कुमार ( सीओ घोरावल)।

# फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरमुरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में फार्मासिस्ट के माध्यम से दवा दी जा रही है। मरीजों को मजबूरी में निजी चिकित्सकों को डॉक्टर का न होना गरीब आदिवासियों के लिए महज यह एक ढांचा बनकर रह गया क्योंकि रोजमर्रा की जीवन यापन करने वाले गरीब आदिवासियों को झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता हैं जिससे उनके जीवन यापन पर अर्थ की मार झेलाना पड़ता हैं क्योंकि झोलाछाप से इलाज कराने में भारी




दिखाना पड़ रहा है। यहां तैनात डॉक्टर का लगभग तीन महीने पहले कही और तबादला हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जब डॉक्टर सीएचसी पर रहते थे तो प्रतिदिन लगभग 40 से 50 मरीज आते थे। लेकिन यहां पर तैनात चिकित्सक के गैर जनपद स्थानांतरण हो जाने के बाद मरीजों की संख्या घट गई। अब बमुश्किल 10 से 15 मरीज ही उपचार के लिए आ रहे हैं। आपको बता दूँ कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरमुरा का यह क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। इस क्षेत्र की आबादी लगभग बीस हजार आबादी की इलाज की जिम्मेदारी पीएचसी गुरमुरा पर है, जबकि यहां से लगभग बीस किमी दूर सीएचसी चोपन है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरमुरा पर रकम देनी पड़ती हैं जिससे उनकी अर्थ व्यवस्था चरमरा जाती हैं या पैसे के अभाव झाड़फूंक के चक्कर मे पड़ कर जाने गवा देते हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि गुरमुरा मेन हाइवे के बगल में बना यह अस्तपताल लोगों के लिए बड़ा महत्व रखता हैं क्योंकि आए दिन हो रहे घटना दुर्घटना में घायलों का प्राथमिक इलाज हो जाता हैं और इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होता हैं परन्तु डॉक्टर के न होने पर हम लोगों को झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता हैं। आखिर स्वास्थ्य विभाग हम आदिवासी लोगो पर कब ध्यान देगी की यहां डॉक्टर परमानेंट रहे और कही इनकी ड्यूटी न लगा हो ताकि हमलोगों को झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा न लेना पड़े।

# प्रथम चरण में 1229 बच्चों को आवंटित हुए विद्यालय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जिले के निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में लाटरी निकाली गई। प्रथम चरण में 1229 बच्चों को प्रवेश के तिथि 28 फरवरी तक लगभग 6389 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे। इस बीच 10 मार्च तक इनका जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सत्यापन होना था और लाटरी के लिए 14 मार्च की तिथि




लिए विद्यालय आवंटित किए गए। प्रथम चरण में निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए 6369 ऑवेदन ऑनलाइन आए थे। इसमें से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षाधिकारियों द्वारा 3335 ऑवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए थे। लाटरी में 3034 ऑवेदन पत्र शामिल किए गए थे। इनमें से 1229 बच्चों को प्रवेश के लिए विद्यालय आवंटित किए गए हैं। लाटरी निकालने के लिए गठित समिति में उप जिलाधिकारी सिद्धार्थ कुमार, सामुदायिक सहभागिता के जिला समन्वयक नीरज सिंह, अरशद अली, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अन्य लोग शामिल थे। निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम निर्धारित थी। निःशुल्क एवं बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 के तहत निजी विद्यालयों के प्री प्राइमरी की कुल सीटों की तुलना में 25 प्रतिशत पर प्रवेश वंचित समूह के बच्चों को दिए जाने की व्यवस्था है। एक अप्रैल से शुरू हो रहे नये शिक्षा सत्र के लिए यह प्रवेश होगा। निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को जिलास्तरीय प्रवेश समिति के समक्ष लाटरी सिस्टम में शामिल किया गया। लाटरी प्रक्रिया में सफल बच्चों का प्रवेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिले के विभिन्न निजी व अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कराया जाएगा।

# अबैध डम्प बालू को वन विभाग ने किया सीज, मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विंढमगंज सोनभद्र।** वन रेंज के अंतर्गत छत्तीसगढ़ व झारखंड के बॉर्डर पर कनहर नदी के किनारे बसा बैरखड ग्राम पंचायत में प्रतिदिन रात्रि को कनहर नदी से अवैध बालू का खनन करके परिवहन का धंधा जोरों पर चल रहा है इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पहुंचे वन रेंजर इमरान खान ने चकबैरखड ग्राम पंचायत में शंभू चेरो व प्रमोद के घर के पास से लगभग 20 घन मीटर अवैध बालू को सीज करते हुए रेंज ऑफिस पर बालू को उठाकर ले गए तथा अज्ञात के खिलाफ 5/ 26 वन उपज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज की है। गौरतलब है कि जहां शासन-प्रशासन जंगल से अवैध बालू, बोल्डर का खनन व परिवहन रोकने के साथ-साथ पेड़ों की कटान पर अंकुश लगाने के लिए कटिबद्ध है,वहीं बालू बोल्डर, सोलिग व पेड़ के कटान करने वाले माफिया पूरी रात कनहर नदी से अवैध बालू का खनन व परिवहन, जंगल में पहाड़ों से अवैध बोल्डर ,सोलिग के साथ-साथ जंगलों में इमारती व कीमती पेड़ों का कटान करने में बाज नहीं आ रहे हैं जिससे ये माफिया राजस्व का क्षति पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इसी क्रम में वन रेंजर इमरान खान ने बताया कि बीती रात कनहर नदी से बालू खनन व परिवहन की शिकायत मिलने पर रात्रि भ्रमण करके, रोकने का प्रयास कर ही रहा था कि बैरखड ग्राम पंचायत के अंतर्गत चक बैरखड ग्राम पंचायत निवासी शंभू चेरो व प्रमोद के घर।



# गोंदिया एक्सप्रेस की चपेट में आकर यात्री घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** रेलवे स्टेशन मिर्जापुर के प्लेटफार्म नंबर एक पर चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरने से युवक का पैर पहिए के नीचे आ गया। इस हादसे में यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। आरपीएफ के जवान उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल लेकर आए। जहां से यात्री को ट्रामा सेंटर ले जाया गया। ट्रामा सेंटर में सोमवार को रात में ही डॉक्टरों की टीम ने सफल ऑपरेशन किया। ट्रामा सेंटर खुलने के बाद यह पहला बड़ा ऑपरेशन था। जिसमें त्वरित कदम उठाते हुए गंभीर रूप से घायल यात्री की जान बचाई गई।जौनपुर जिले के मड़ियाहूं गांव निवासी मनोज कुमार (35) पुत्र



पतिराज गौड़ अपने परिवार के सदस्यों व अन्य लोगों के साथ मैहर देवी दर्शन करने गए थे। उनके साथ लगभग 22 लोग थे। सोमवार की रात ट्रेन मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो मनोज चिप्स और पानी की बोतल लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरे। वे चिप्स और पानी का बोतल लेकर ट्रेन पर चढ़ने जा रहे थे कि ट्रेन चल दी। इसी बीच ट्रेन की रफ्तार बढ़ गई और चढ़ते समय पैर फिसलने से उनके दोनों पैर ट्रेन की पहिए की चपेट में आ गए। आरपीएफ की टीम उसे मंडलीय अस्पताल लाई। जहां से उसे परिसर के ट्रामा सेंटर ले जाया गया। वहां रात में ही अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार ने डॉ. प्रतीक पाठक, डॉ. रामकृत, डॉ. शिवाशीष, डॉ. समीर ने पैर काटकर अलग कर सफल ऑपरेशन किया। मंगलवार को मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. आरबी कमल ने सफल ऑपरेशन करने वाली टीम व घायल से मिले। प्राचार्य ने बताया कि युवक को दो यूनिट निःशुल्क रक्त भी उपलब्ध कराया गया। सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई गई।


# 28वें टेस्ट शतक के लिए किस कदर तरसे विराट कोहली हेड कोच राहुल द्रविड़ के सामने बयां किया पूरा दर्द

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में अपने तीन साल के शतक के सूखे को समाप्त किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर का 28वां शतक जमाया। मैच के बाद कोहली ने स्वीकार किया कि कम स्कोर पर आउट होने से वो परेशान हो रहे थे। कोहली ने 364 गेंदों में 15 चौके की मदद से 186 रन बनाए। उनकी पारी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 480 रन के जवाब में 571 रन बनाए। हालांकि, यह टेस्ट ड्रॉ रहा और भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से अपने नाम की। हेड कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत में 34 साल के कोहली ने खुलासा किया कि उम्मीदों का भार उनके लिए संभालना मुश्किल हो रहा था। बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ और विराट कोहली का बातचीत करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। कोहली ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो कम स्कोर के कारण मेरे ऊपर परेशानी बढ़ रही थी। शतक जमाने की भूख ऐसी चीज है जो आपको बतौर बल्लेबाज बढ़ाती है। एक समय तक मैंने अपने साथ ऐसा होने दिया। मगर इसका दूसरा पक्ष यह है कि मैं उन लोगों में से नहीं, जो 40-45 रन बनाकर खुश हो जाए। मैं टीम के प्रदर्शन करके गर्व महसूस करता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा नहीं है कि कब विराट कोहली को खड़े होकर लंबी पारी खेलनी है। जब मैं 40 रन पर खेल रहा होता हूं तो पता होता है कि 150 रन बना सकता हूं। यह मुझे खाए जा रहा था। मैं टीम के लिए बड़ा स्कोर क्यों नहीं बना रहा था मुझे इसमें मजा आता है कि जब टीम को जरुरत हो तो मैं खड़ा रहूं और मुश्किल स्थिति में रन बनाऊं। तथ्य यह है कि जब मैं ऐसा नहीं कर पा रहा था तो परेशान हो रहा था।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा नहीं है कि कब विराट कोहली को खड़े होकर लंबी पारी खेलनी है। जब मैं 40 रन पर खेल रहा होता हूं तो पता होता है कि 150 रन बना सकता हूं। यह मुझे खाए जा रहा था। मैं टीम के लिए बड़ा स्कोर क्यों नहीं बना रहा था मुझे इसमें मजा आता है कि जब टीम को जरुरत हो तो मैं खड़ा रहूं और मुश्किल स्थिति में रन बनाऊं। तथ्य यह है कि जब मैं ऐसा नहीं कर पा रहा था तो परेशान हो रहा था।



## डब्लू पी एल की सबसे खूबसूरत महिला खिलाड़ी है आर सी बी की यह स्टार ऑलराउंडर, बल्ले से ज्यादा सुंदरता से लूट रही है महफिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग में अब तक अपने शुरुआती पांचों मुकाबलों में करारी हार का सामना किया है। 13 मार्च को आरसीबी को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 6 विकेट से शिकस्त मिली लेकिन आरसीबी टीम की एक खिलाड़ी ने अपनी सुदंरता से हर किसी को दीवाना बना रखा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम की ऑलराउंडर एलिस पेरी है, जो में अपने प्रदर्शन और अपनी खूबसूरती के चलते हर किसी को आकर्षित कर रही है। दरअसल, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी खूबसूरती और टैलेंट की अद्भुत खिलाड़ी है। इस खिलाड़ी को मैदान पर कई बड़े-बड़े शॉट्र्स जड़ने के अलावा फैंस उनकी सुंदरता पर फिदा रहते है। यह महिला खिलाड़ी भारत की क्रश लेडी कही जाती है। उनकी सुंदरता के आगे बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस फेल साबित होती दिखती है। सोशल मीडिया पर उनके 1.2 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स है बता दें कि एलिसे पेरी ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अब तक 250 से भी ज्यादा मैच खेले हैं। उन्होंने 10 टेस्ट, 131 वनडे और 139 टी20 मैच खेले हैं। इस दौरान उनके बल्ले से क्रमशः 752, 3386 और 1535 रन निकले हैं। टेस्ट क्रिकेट और वनडे में वह 2-2 शतक भी जड़ चुकी है। वहीं, टेस्ट क्रिकेट में उनका एवरेज 75 के आस-पास का है। गेंदबाजी करते हुए एलिसे ने अपने नाम 300 से भी ज्यादा विकेट दर्ज किए हैं। एलिस पेरी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली। वहीं, मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनके बल्ले से महज 13 रन निकले।




## मोहम्मद शमी के लिए अहमदाबाद में लगे 'जय श्री राम' के नारे कप्तान रोहित शर्मा का आया रिएक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्हें इस बारे में जरा भी जानकारी नहीं है कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चौथे व अंतिम टेस्ट के दौरान मोहम्मद शमी के लिए 'जय श्री राम' के नारे लगाए जा रहे थे। बता दें कि भारत पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने लगातार चार बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती है। भारत ने नागपुर और दिल्ली टेस्ट जीतकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली थी। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में वापसी करके 9 विकेट से जीत दर्ज की और सीरीज 1-2 की। फिर अहमदाबाद टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'यह शानदार सीरीज रही। पहले ही गेंद से टीम ने कड़ी मेहनत की। सभी मैच में कुछ अलग था, जिसने हर किसी को देखने के लिए बाध्य रखा। हमें सीरीज और विरोधी टीम का महत्व पता था। 40 दिन करीब अच्छा क्रिकेट खेलने के बाद हम यहां नतीजे के साथ हैं, जिससे खुशी मिली।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे सामने कई चुनौतियां आई, जिसका हमने डटकर मुकाबला किया। हम जानते थे कि सीरीज की शुरुआत बेहतर करना कितना महत्वपूर्ण है। मेरे ख्याल से दिल्ली टेस्ट ऐसा था, जिस पर मुझे बहुत गर्व है क्योंकि हम मैच में काफी पीछे थे और फिर जबर्दस्त वापसी करते हुए जीत दर्ज की।' अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। पहला मुकाबला 17 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला जाएगा।




## सुनील गावस्कर आआआर के गाने की ऑस्कर सफलता का मनाया जश्न नाटू-नाटू पर किया मजेदार डांस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आआआर फिल्म के सुपरहिट सांग 'नाटु-नाटु' का पूरी दुनिया में डंका बजा हुआ है। इस गाने को ऑस्कर 2023 में बेस्ट ओरिजिनल सांग कैटेगरी में एकेडमी अवॉर्ड मिला है। यह भारत का पहला गाना बन गया है, जिसने एकेडमी अवॉर्ड जीता। पूरा देश इस उपलब्धि का जबर्दस्त जश्न मना रहा है। भारतीय क्रिकेट में भी 'नाटु-नाटु' की सफलता का उत्साह देखने को मिला। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम पर इस गाने का आइकॉनिक डांस स्टेप किया। 73 साल की उम्र में सुनील गावस्कर की चुस्ती-फूर्ती देखते बनती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कमेंट्री कर रहे गावस्कर ने पांचवें दिन खेल शुरू होने से पहले नाटु-नाटु का डांस स्टेप करके फैंस को खुश कर दिया। सुनील गावस्कर का डांस वीडियो फैंस के बीच वायरल हो गया है। इसके अलावा प्रसारणकर्ता चैनल के होस्ट जतिन सप्रू और उनके साथी ने स्टूडियो में नाटु-नाटु गाने पर सिग्नेचर स्टेप किया। यह वीडियो भी फैंस को काफी पसंद आया। मैच की बात करें तो भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से अपने नाम की। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद टेस्ट सोमवार को चायकाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तकनीकी रूप से 10 मिनट पहले ही मैच समाप्ति की घोषणा की। जब मैच ड्रॉ हुआ तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 175/2 था। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने नागपुर और दिल्ली टेस्ट जीता था। फिर स्टीव स्मिथ की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर टेस्ट जीतकर सीरीज 1-2 कर दी थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भिड़ंत होगी।



## श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, कई दिगजों को आईपीएल 2023 के कारण रखा गया बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए स्क्वाड की घोषणा कर दी है। टॉम लैथम को न्यूजीलैंड का कप्तान बनाया गया है। न्यूजीलैंड ने केन विलियमसन, टिम साउथी, डेवोन कॉनवे और मिचेल सैंटनर को आईपीएल 2023 के लिए रिलीज करने का फैसला लिया हैये चारों खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ेंगे। याद दिला दें कि न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले टेस्ट में आखिरी गेंद पर श्रीलंका को 2 विकेट से मात देकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।बहरहाल, न्यूजीलैंड के कई स्टार खिलाड़ी वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। ऐसे में न्यूजीलैंड के हेड कोच गैरी स्टीड ने कहा कि चाड बोव्ज और तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को वनडे स्क्वाड में जोड़ा गया है। लिस्टर ने पिछले महीने भारत में टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वहीं बल्लेबाज चाड बोव्ज का पहली बार राष्ट्रीय टीम में चयन हुआ है। बता दें कि न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच 17 मार्च से दूसरा व अंतिम टेस्ट मैच शुरू होगा। इसके बाद 25, 28 और 31 मार्च को तीन वनडे खेले जाएंगे। फिर दोनों देशों के बीच तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी, जिसके मुकाबले क्रमशः 2,5 और 8 अप्रैल को खेले जाएंगे।टॉम लैथम (कप्तान), फिन एलेन, टॉम ब्लंडेल, चाड बोव्ज, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, लोकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, डैरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर और विल यंग।






## भारतीय टेस्ट खिलाड़ियों को आईपीएल 2023 में दिया जाएगा आराम रोहित शर्मा ने फाइनल की तैयारी का खुलासा किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद टेट के दौरान आखिरी दिन लंच के समय तय हुआ कि भारतीय टीम की फाइनल में जगह पक्की हो गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि न्यूजीलैंड ने रोमांचक मैच में श्रीलंका को 2 विकेट से मात देकर रेस से बाहर कर दिया। भारतीय टीम के कतान रोहित शर्मा ने बताया कि डब्यूटीसी 2023 फाइनल के लिए उनकी टीम की तैयारी कैसी रहेगी। दरअसल, 31 मार्च से आईपीएल 2023 का शुभारंभ होगा और फाइनल मुकाबला 28 मई को खेला जाएगा। इसके बाद केवल एक सप्ताह बचेगा कि टीमें खिताबी मुकाबले की तैयारी करें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बताया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों की आईपीएल टीमें प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाएंगी, वो लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दो सप्ताह के कंडीशनिंग कैंप में हिस्सा लेंगे। भारतीय टेस्ट टीम में केवल चेतेश्वर पुजारा ऐसे खिलाड़ी हैं, जो आईपीएल का हिस्सा नहीं हैं।




# राशिफल





**मेष-**:आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-**:आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-**:आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-**:आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-**:आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-**:आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-**:आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-**:आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-**:आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-**: आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-**:आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-**:आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।






## ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज से पहला लगा जोरदार झटका, बदलना पड़ा कप्तान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। स्टीव स्मिथ शुक्रवार से शुरू होने वाली वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की अगुवाई करेंगे। नियमित कप्तान पैट कमिंस घर पर ही रहेंगे क्योंकि पिछले सप्तान उनकी मां मारिया का निधन हुआ था। याद दिला दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट के बाद पैट कमिंस घर लौट गए थे। फिर स्मिथ ने तीसरे टेस्ट में कमान संभाली और ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट की जीत दिलाकर सीरीज का स्कोर 1-2 किया था। ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने कहा, 'पैट और उनके परिवार के साथ हमारे विचार हैं। वो इस समय काफी मुश्किल प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस के विकल्प की घोषणा नहीं की है। इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में 15 खिलड़ियों में से चयन करना होगा। पता हो कि तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन पहले ही हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए थे, जिसके बाद नाथन ऐलिस को उनके विकल्प के रूप में शामिल किया गया था। एक मजेदार बात निकलकर सामने आई है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पिछले पांच वनडे में चार कप्तानों को आजमाया है। आरोन फिंच ने सितंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तानी की थी। कमिंस को तब फिंच का उत्तराधिकारी बनाया गया। हालांकि, जब इंग्लैंड के खिलाफ नवंबर में दूसरे मैच में पैट कमिंस को आराम दिया गया तो जोश हेजलवुड ने जिम्मेदारी संभाली। वर्ल्ड कप के लिहाज से सीरीज महत्वपूर्ण भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले 50 ओवर वर्ल्ड कप के लिहाज से यह सीरीज महत्वपूर्ण रहने वाली है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में ऑलराउंडर्स की भरमार है। इसके अलावा डेविड वॉर्नर और एश्टन आगर टीम में लौट आए हैं। ग्लेन मैक्सवेल भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं, जो पैर की चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का वनडे स्क्वाड इस प्रकार हैः डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस, शॉन एबट, एश्टन आगर, मिचेल स्टार्क, नाथन ऐलिस और एडम जंपा।



## सम्पादकीय

### पाकिस्तान की बदहाली के सबक मानवीय संवेदनशीलता का ह्रास राष्ट्र को भी अंदर से बना देता है खोखला

भारत ने तुर्किये को भूकंप जनित घोर संकट के समय जिस तत्परता से सहायता पहुंचाई, उसकी वैश्विक स्तर पर प्रशंसा हुई, लेकिन पाकिस्तान ने इसकी कोई प्रशंसा नहीं की। जहां भारत ने एक बार फिर से मानवीय संवेदना का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया, वहीं हमारे पड़ोसी ने फिर से वही ईर्ष्या और द्वेष को प्रकट किया। पाकिस्तान अपने को इस्लामी देश कहता है, लेकिन दूसरे इस्लामी देश को जाने वाली आपातकालीन सहायता में रोड़े अटकाने में नहीं हिचकता। दिवालिया घोषित होने की कगार पर खड़ा यह देश इन दिनों पूरे विश्व में सहायता मांग रहा है, लेकिन भारत को हजारों जख्म देने की नीति में कोई बदलाव नहीं कर रहा है। सत्ता से बेदखल होने के बाद हताशा और निराशा में डूबा हुआ विपक्ष आज चाहता है कि पाकिस्तान को परिवार माना जाए। वह कहे या न कहे, लेकिन भारत वहां सहायता पहुंचाए। हालांकि देश का जनमानस इसके लिए तैयार नहीं है। क्या भारत को यह भूल जाना चाहिए कि 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हमला किसने कराया था? उसके अपराधी पाकिस्तान में आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। अपने यहां अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया करने वाला पाकिस्तान भारत के मुसलमानों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चिंता व्यक्त करता है और हंसी का पात्र बनता रहा है। किसी भी देश को सहायता देने के लिए सर्वोत्तम नीति-निर्देश यक्ष-युधिष्ठिर संवाद में निहित है। यक्ष से युधिष्ठिर कहते हैं कि दान सुपात्र को ही देना चाहिए। जाहिर है भारत के लिए पाकिस्तान अब सुपात्र की श्रेणी में नहीं आता। किसी भी निष्पक्ष अध्ययन में यह स्वीकार्य होगा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें गहराई तक पैठ बना चुकी हैं। वर्ष 1947 में भारत के मुसलमानों के लिए एक सुरक्षित देश निर्मित करने की अपरिपक्व जिद पर विभाजन की त्रासदी लादकर बनाए गए पाकिस्तान की वर्तमान दयनीय स्थिति से आज सारा विश्व अवगत है। दरअसल पाकिस्तान के इस्लामी शासक कभी भी अन्य मतावलंबियों के प्रति दुर्भावना से मुक्त नहीं हो सके। भारत से प्रतिस्पर्धा करने में वे इतने अंधे हो गए कि अपने देश के लोगों के हितों की पूर्ति उनकी प्राथमिकता में ही नहीं रही। यही नहीं, वहां आधिकारिक तौर पर प्रारंभिक शिक्षा से ही हिंदुओं के प्रति विशेष रूप से घृणा के पाठ पढ़ाए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने अन्य सभी पंथों को इस्लाम से निम्नतर मानने के लिए अपने युवाओं को जिस तन्मयता से तैयार किया गया, उसने उसे दुनिया का सबसे असुरक्षित देश तो बना ही दिया, स्वयं पाकिस्तान में हिंसा का साम्राज्य फैला दिया है। पाकिस्तान में जिस प्रकार अल्पसंख्यकों की संख्या घटी, वह मानवाधिकारों के हनन का अत्यंत दुखद अध्याय है। नैतिकता और मानवीय संवेदनशीलता का ह्रास व्यक्ति को ही नहीं, राष्ट्र को भी अंदर से खोखला बना देता है। ऐसे वातावरण में भ्रष्ट आचरण करने वालों को खुली छूट मिल जाती है। अविभाजित भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सभी समुदायों तथा क्षेत्रों की सशक्त भागीदारी रही। खान अब्दुल गफ्फार खान जैसे देशभक्तों को कौन भुला सकता है जिन्हें विभाजन ने 'भेड़ियों को सौंप दिया' था। गांधीजी द्वारा प्रतिपादित मूल्यों का प्रभाव मत और पंथ से ऊपर उठकर सभी पर पड़ा था। आजादी के बाद के दो-तीन दशकों तक देश में सत्ता और उसके बाहर ऐसे लोग उपस्थित थे, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया था। युवाओं पर उनका प्रभाव पड़ता था। जो सत्ता में पहुंचकर वहां की चकाचौंध में इन मूल्यों को त्यागना चाहते थे, उनकी भी आंखों में थोड़ी शर्म बाकी थी। इस स्थिति ने ही भारत में लोकतंत्र को पनपने में सहायता की। वहीं पाकिस्तान इससे वंचित रहा, क्योंकि उसके नेतृत्व को व्यक्तिगत लालच ने प्रारंभ से ही जकड़ लिया था। वहां नैतिकता के स्थान पर मतांधता को बढ़ावा दिया गया, जिसके परिणाम सबके सामने हैं। लोकतंत्र की जड़ों को निरंतर खाद-पानी देते रहना भी आवश्यक होती है। भारत में पिछले दशक में जो नीतिगत परिवर्तन हुए हैं, उनके आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्षों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े हैं। जो सत्ता में नहीं हैं, मगर पहले रह चुके हैं, उनकी व्यथा तो समझी जा सकती है, लेकिन उनकी सकारात्मक परिवर्तन को देख पाने की क्षमता का पूर्ण ह्रास लोकतंत्र के आगे बढ़ते रहने के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली नगर निगम में पार्षदों के बीच हाथापाई जैसे अनेक उदाहरण न केवल शर्मनाक हैं, बल्कि सामान्य जन द्वारा उनकी भर्त्सना आवश्यक है। वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार के भेदभाव की पूर्णरूपेण अनुपस्थिति भारत के अल्पसंख्यकों के मध्य बड़ा सकारात्मक दृष्टिकोण ला रही है।

# आईएचजीएफ मेला- जहां ग्लोबल टेंड्र से मिलती है भारतीय परंपरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने आईएचजीएफ दिल्ली मेले का आगामी 55वां संस्करण 15 से 19 मार्च 2023 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर आयोजित होगा । इस मौके पर ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री राजकुमार मल्होत्रा ने अपना विचार साझा करते हुए कहा ठअपने स्प्रिंग संस्करण सच्ची भावना का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने आगे कहा कि परिषद पहले से ही योजना में हाइलाइट किए गए अधिकांश पहलुओं पर काम कर रही है और उम्मीद है कि यह नई पहल देश के कोने-कोने में फैले कारीगरों को लाभकारी अवसर प्रदान करने की दिशा में काम करने के परिषद के संकल्प को मजबूत करेगी और भारत के माननीय प्रधान मंत्री के आत्मनिर्भर भारत में अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए जागरूकता आई है और वो इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। इन सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने हेतु सस्टेनेबल और रीसाइकल्ड उत्पादों को लेकर एक पैनल चर्चा और उत्पाद गैलरी का प्रदर्शन भी आयोजित किया जा रहा है।आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2023 स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री अवधेश अग्रवाल ने बताया, पूरे स्तर पर पेश करने का प्रयास करता है। यही वजह पूरी दुनिया को उनके अपने 'नवीनतम और सबसे बेहतरीन उत्पादों के लिए वन-स्टॉप सोर्सिंग प्लेटफॉर्म' तक लाती है। इसलिए, मौजूदा खरीदारों की मांग को पूरा करने और नए खरीदारों को आकर्षित करने के लिए, मध्यम और छोटे निर्यातकों, कारीगर उद्यमियों और डिजाइनरों से लेकर भारत के प्रमुख निर्माता निर्यातकों स्टोर्स के खरीदार और प्रतिनिधि जिन्होंने पहले ही शो में आने की पुष्टि कर दी है उनमें अर्जेंटीना के अल्फा टैंगो होम डेकोर; ऑस्ट्रेलिया के जेमार्क इम्पोर्ट्स, ग्लोबल रिटेल ब्रांड्स; बेल्जियम के जोलीपा बीवी, पोमैक्स; कनाडा के एबॉट, फोरपोस्ट ट्रेड इंक; चिक एंटीक, डेनमार्क; जर्मनी की केएजजी जीएमबीएच एंड कंपनी, केजी, बर्क जीएमबीएच एंड कंपनी केजी; जापान प्रीमियम उत्पादों के लिए नए सिरे से खरीदारी की गतिशीलता और खोज को बढ़ावा देने के लिए, आईएचजीएफ दिल्ली मेला आर्चीज लिमिटेड, डीएलएफ ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड, फैबइंडिया लिमिटेड, गुडअर्थ डिजाइन स्टूड़ियो प्राइवेट लिमिटेड, जैनसन्स, लूलू ग्रुप इंडिया, मसपर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मिंत्रा, निकोबार डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, रैडिसन होटल, रिलायंस




में आईएचजीएफ दिल्ली मेला कहीं ज्यादा दिव्य और भव्य रूप में पेश होने को तैयार है। यह शो 16 विशाल हॉल में आयोजित होगा, जिसमें होम, फैशन, लाइफस्टाइल, टेक्सटाइल और फर्नीचर के 14 प्रमुख प्रदर्शन खंड हैं। उत्पादों के वर्गीकरण के हिसाब से हाउस वेयर, होम फर्निशिंग, फर्नीचर, उपहार और सजावट, लैंप और लाइटिंग, क्रिसमस और उत्सव की सजावट, फैशन ज्वैलरी और एक्सेसरीज, स्पा और वेलनेस, कालीन, बाथरूम एक्सेसरीज, गार्डन एक्सेसरीज, एजुकेशनल टॉयज और गेम्स, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद, स्टेशनरी और लेदर के बैग शामिल होंगे। इस बार हस्तशिल्प और उपहार उत्पादों की एक नई श्रृंखला के साथ, सामूहिक रूप से वे एक ही मंच पर सोच-समझकर बनाई गई अवधारणाओं और उत्पादों का एक पूरा स्पेक्ट्रम पेश करने वाले हैं। उन्होंने हाल ही में घोषित पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास) योजना पर भी अपने विचार साझा किए, जो पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों, विश्वकर्मा को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एक अच्छी पहल है, जो उपकरणों का उपयोग करके अपने हाथों से काम करते हैं। उनके द्वारा बनाई गई कला और हस्तकला आत्मनिर्भर भारत की दृष्टिकोण में योगदान देगी इस मौके पर ईपीसीएच के महानिदेशक और आईईएमएल के चेयरमैन श्री राकेश कुमार ने 1994 से आईएचजीएफ मेले की यात्रा और पिछले 30 वर्षों में इसमें आए बदलावों के बारे में बात की। उन्होंने आगे कहा, आने वाले वर्षों में हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ाने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारे निर्यातकों को महामारी के बाद विभिन्न देशों द्वारा अपनाई जा रही चीन की ठप्लस वनठ नीति का लाभ उठाना चाहिए। एक राष्ट्र के रूप में भारत को वह ङ्कप्लस वनङ्क देश बनने की कोशिश करनी चाहिए और हमें जेआईटी (जस्ट इन टाइम) में निर्यात पर ध्यान देना चाहिए और विदेशी बाजारों में पूर्ति केंद्रों की ओर देखना चाहिए। उन्होंने आगे जानकारी दी की आईएचजीएफ दिल्ली मेले में उत्पाद की पेशकश में सस्टेनेबिल्टी पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया है। इस बार, सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल ऐसे हस्तशिल्प पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया है, जिन्हें मानव और पशु स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल सामग्रियों और प्रक्रियाओं के साथ बनाया गया है। इस तरह के उत्पाद सतत जीवन और जीवन शैली हाल के दिनों में बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं, क्योंकि ज्यादातर लोगों भारत से कुल मिलाकर, 3000 से अधिक प्रदर्शक आएंगे, इससे हस्तकला समूहों, उत्पादन केंद्रों और शिल्पी ग्रामों को मजबूत प्रतिनिधित्व मिलेगा। सामूहिक रूप से, वे 2000 से अधिक नए उत्पाद और 300 से अधिक डिज़ाइन प्रस्तुत करने वाले हैं। इस आयोजन में हॉल में स्थापित प्रदर्शक बूथों के अलावा, आगंतुकों को इंडिया एक्सपो सेंटर के विभिन्न स्तरों पर स्थित प्रमुख निर्यातकों के 900 स्थायी शोरूम भी देखने को मिलेंगे। बायर लाउंज और रिफ्रेशमेंट जोन के अलावा थीम पवेलियन, ट्रेंड एरिया, क्राफ्ट डिमॉन्स्ट्रेशन,फैशन शो और पैनल डिस्कशन, नॉलेज सेमिनार जैसे अतिरिक्त आकर्षण शो में शामिल होने वालों के लिए एक बेहतरीन अनुभव साबित होंगे। शो के केंद्र में महाराष्ट्र, उत्तर पूर्व क्षेत्र और तमिलनाडु और देश के अन्य हिस्सों से शिल्प आधारित जीवंत थीम प्रस्तुतियों हैं, जो विदेशी खरीदार समुदाय के लिए आकर्षण का केंद्र होंगी।इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर.के वर्मा ने बात को विस्तार देते हुए कहा, आईएचजीएफ दिल्ली मेला सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भारत की क्षमता और शक्ति को होम, जीवन शैली, फैशन, टेक्सटाइल और फर्नीचर बाजारों को वैश्विक और प्रदर्शकों तक की समावेशी भागीदारी देखने को मिलती है।शो में आने वाले आगंतुकों में दुनिया भर के विदेशी खरीदार शामिल हैं जिनमें थोक व्यापारी, वितरक, चेन स्टोर, डिपार्टमेंटल स्टोर, खुदरा विक्रेता, मेल-ऑर्डर कंपनियां, ब्रांड मालिक, घर खरीदने वाले और डिजाइनर और ट्रेंड फोरकास्टर्स शामिल हैं। इनमें यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, नॉर्वे, ग्रीस, इटली, स्वीडन, तुर्की, नीदरलैंड, बेल्जियम, पोलैंड, स्लोवेनिया, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, जापान, लिथुआनिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, कतर, रूसी संघ, सऊदी अरब, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको, पनामा, पेरू, मोरक्को, जॉर्जिया, चिली, कोलंबिया, उरुग्वे, इज़राइल, ताइवान, हांगकांग, मिस्र, जॉर्डन, फिलीपींस, कुवैत, लेबनान, मलेशिया, अल्जीरिया, घाना, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, मॉरीशस, नाइजीरिया, ओमान, वियतनाम सहित 110 से अधिक देशों के विदेशी खरीदार और कई अन्य लोगों ने मेले में आने के लिए पहले से ही पंजीकरण कराया है।ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर.के. वर्मा ने सूचित किया कि कुछ कंपनियों/डिपार्टमेंटल की पॉश लिविंग कंपनी लिमिटेड, सुगिता एस कंपनी, लिमिटेड;मेक्सिको के ग्रुपो सेरिग्रैफिको एसए डी सीवी; नीदरलैंड्स की हैको वोनन एन स्लैपन; स्पेन के स्कलम; यूके की चेयर्स लिमिटेड टी/ए कोच हाउस, बार्कर एंड स्टोनहाउस; यूएई की बीएमए इंटरनेशनल ग्रुप, सेंसेशन ट्रेडिंग एलएलसी, ट्रेजर पैलेस एलएलसी; यूएसए के बेंजारा इंक, हॉटे आर्टे, लोलोई इंक, नाडेउ, इंडिया कनेक्शन, वन हंड्रेड 80 डिग्रीस, बाली डिजाइन इंक, द इंपोर्ट कलेक्शन, टीजीएक्स कॉर्प और जॉयफुलमूस आदि।दुनिया भर के खरीदार अपनी सोर्सिंग आवश्यकताओं के लिए आईएचजीएफ दिल्ली मेले में आना पसंद करते हैं क्योंकि यह एक उत्कृष्ट उत्पाद रेंज, आकर्षक कीमत, विभिन्न किस्म, विशिष्ट गुणवत्ता और नई उत्पाद लाइनों के साथ अग्रणी भारतीय निर्माताओं से एक विशेष जुड़ाव प्रस्तुत करता है।दिलीप बैद, उपाध्यक्ष, ईपीसीएच ने सूचित किया कि अपने पिछले कुछ संस्करणों के बाद से, शो ने प्रसिद्ध घरेलू खिलाड़ियों से बड़ी मात्रा में खुदरा खरीद के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। भारत में तेजी से बदलते खुदरा परिदृश्य का स्वागत करते हुए और अंतरराष्ट्रीय डिजाइनों और रिटेल लिमिटेड, शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड, स्नैपडील इंडिया ट्रेंट लिमिटेड आदि समेत प्रमुख भारतीय खुदरा / ऑनलाइन ब्रांडों से आगंतुकों की मेजबानी इस बार भी करने वाला है।ईपीसीएच के उपाध्यक्ष नीरज खन्ना ने सूचित किया, इस आयोजन का व्यापक प्रचार करने के लिए, परिषद ने अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं, उनके डिजिटल प्रकाशनों, ऑनलाइन पोर्टलों, वेब बैनरों में डिजिटल विज्ञापनों आदि के माध्यम से दुनिया भर में व्यापक प्रचार और प्रचार अभियान चलाया है। इसके अलावा, भारतीय दूतावासों ने अपने-अपने देशों में खरीदारों और आयातकों को निमंत्रण दिया। मेले को व्यापक रूप से डिजिटल प्रकाशनों और सोशल मीडिया में शामिल किया गया है।इस अवसर पर ईपीसीएच के महानिदेशक श्री राकेश कुमार ने सूचित किया कि ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 33253.00 करोड़ (4459.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा और अप्रैल-फरवरी '2022-23 के दौरान रु 28727.91 करोड़ और 3505.84 मिलियन अमरीकी डॉलर रहा ।

# दारू कंपनी के मुनीम के साथ दिनदहाड़े हुई डकैती एवं हत्या का सनसनीखेज खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सतना।**दिनांक 06.03.23 को दोपहर करीबन 02:00 बजे थाना कोतवाली पर कंट्रोल रूम सतना के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा नगर निगम के समीप सर्किट हाउस के सामने कैश वैन से उतर रहे व्यक्ति को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर उसका बैग लूट लिए है।प्राप्त सूचना की जानकारी तत्काल वरिष्ट अधिकारियों को दी गई।मौके पर पहुचकर घटना की तसदीक कर देखने पर पता चला की एक व्यक्ति उम्र करीबन 50 वर्ष का कैश वैन के गेट से लगा हुआ मृत अवस्था मे पड़ा हुआ था।मौके पर मृतक का साथी ड्राइवर दिनेश बारी द्वारा मृतक का नाम संजय कुमार सिंह बताया गया।घटना गंभीर किस्म की थी जिस पर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष को संज्ञान मे लाया गया एवं मर्ग जांच पर से हत्या एवं डकैती का मुकदमा कायम कर विवेचना मे लिया गया। (अपराध क्रमांक 174/23 धारा 302,397,395 आईपीसी 25 27 आर्म्स ऐक्ट)। दिनदहाड़े इस प्रकार की लूट एवं हत्या की सनसनीखेज घटना की खबर मिलते ही रीवा जोन के एडीजी केपी वेंकटेश्वर राव एवं डीआईजी मिथिलेश शुक्ला पुलिस अधीक्षक सतना के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुचकर घटनास्थल का मुआयना कर पुलिस अधीक्षक सतना एवं उनकी टीम को आवश्यक दिशा निर्देश देकर सतत मोनिट्रिंग कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आशुतोष गुप्ता द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये नगर पुलिस अधीक्षक सतना एवं शहर / देहात के समस्त थाना प्रभारी को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण सतना जिले एवं आस पास के जिलों मे नाकाबंदी करवाई गई। नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अलग अलग पुलिस टीम का गठन कर उन्हे टास्क दिया गया। टीमों द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम द्वारा मृतक के ड्राइवर से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर आस पास के लोगो से भी पूछताछ किया गया। चारों तरफ से पुलिस लगाई गई । अलग-अलग जगहों पर छापामार कार्यवाही जारी की गई।घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताए अनुसार स्पेशलिस्ट स्केच एक्सपर्ट्स की सहायता लेकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी के स्केच भी तैयार किए गए।प्रकरण से संबंधित गोपनीय सूचना देने वाले को ?30000 का ईनाम घोषित किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सैकड़ों सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही तकनीकी विश्लेषण कर अज्ञात आरोपियों की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे।तभी ण्ण्ऊन्न् फुटेज देखने वाली टीम को घटना मे प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल के फुटेज देखने पर पता चला की एक ब्लैक फिल्म लगी स्विफ्ट डिज़ायर गाड़ी दोनों मोटरसाइकिल के साथ साथ कई कैमरों मे देखि गई जिस पर पुलिस का शक और गहरा होता चला गया। ण्ण्ऊन्न् फुटेज मे देखने पर संदेहास्पद स्विफ्ट डिज़ायर गाड़ी जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश राज्य के



पते से रजिस्टर होना पाया गया।इस वाहन को बैक/फॉरवर्ड ट्रेस कर रास्तों की पहचान की जाने लगी की आखिर यह वाहन कब और कहा से आया है।देखने पर पता चला की घटना के बाद यह वाहन रैगाव की तरफ निकला है।सिविल मे लगी पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से पता चला की यह गाड़ी रैगाव मे मनीष सिंह के यहा पर खड़ी देखी थी। घटना का खुलासा पुलिस टीम द्वारा संदेही मनीष सिंह को हिरासत मे लिया गया और हिकमत अमली से पूछताछ करने पर मनीष ने सम्पूर्ण घटनाक्रम का खुलासा कर दिया गया। सर्वप्रथम स्विफ्ट गाड़ी से 3 व्यक्ति सुभाष यादव पिता घुरहु यादव उम्र 35 वर्ष निवास बंबावन देवरिया थाना गद्दी केराकट जौनपुर उत्तर प्रदेश,शिवम उर्फ पोनू सरोज पिता सत्यदेव सरोज उम्र 23 वर्ष निवासी पचवार जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश,आनंद सागर यादव पिता सूबेदार यादव उसरा पुर पचवार पोस्ट दिलकापुर जौनपुर उत्तर प्रदेश से आए। एवं ट्रेन से 2 व्यक्ति नीलेश उर्फ नीलू यादव पिता जनार्दन यादव उम्र 22 सहाबुद्दीन पुर थाना केराकट जौनपुर एवं अभिषेक निषाद पिता विनोद निषाद उम्र 23 वर्ष निवास बंबावन देवरिया थाना गद्दी केराकट जौनपुर उत्तर प्रदेश सतना आए।आरोपियों ने रीवा जिले के चाकघाट से प्रवेश कर सोहगी से होते हुए सतना मे प्रवेश किए। जिलेदार उर्फ जेडी उर्फ छोटू यादव पिता मुरली यादव उम्र 35 वर्ष निवासी जेंडलपुर थाना महाराजा गंजास जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश पहले से ही यहा मौजूद था।जिलेदार उर्फ जेडी उर्फ छोटू यादव दिनांक 30 दिसंबर 2022 सतना जेल से अपराध क्र 241/2014 धारा 302,397 भा0द0वि0 थाना अमदरा एवं अपराध क्रमांक 910/2014 धारा 395,397 भा0द0वि0 थाना मैहर (नादन बैंक डकैती ) मे रिहा हुआ था।जेडी बहुत ही शातिर किस्म का बदमाश आपराधी है।जेल मे ढ्ढ की मुलाकात दीपक सिंह पटेल से हुई थी जहा से दोनों ने बाहर आकर लूट की योजना बनाई थी।जेडी जेल से रिहा होकर दीपक सिंह पटेल के ढाबे पर रुकता है।जेडी द्वारा अपने गृह जिले जौनपुर से शार्प शूटर सुभाष यादव के माध्यम से कुल 5 व्यक्तियों को बुलाया जाता है और इधर दीपक सिंह पटेल के द्वारा अपने स्थानीय संपर्कों का इस्तेमाल करते हुए आपराधिक प्रवित्ती के 4 अन्य लोगों को घटना मे शामिल किया गया। 2 व 3 तारीख को मारुति सुजुकी वर्क्शाप मे गाड़ी बनवाए थे। बैंक के सामने चाय की दुकान मे खड़े होकर आरोपियों द्वारा 2 एवं 3 तारीख को कैश वैन की रेकी भी गई थी जिसके वीडियो फुटेज संकलित किए गए है। दीपक सिंह द्वारा लोकल सपोर्ट में कुल 5 लोगों को लगाया गया था।उत्तर प्रदेश से बुलाए गए पांच व्यक्तियों को शुरुआती दो रातों को लोकल सपोर्ट राहुल जायसवाल के सतना आवास में रुकवाया गया आरोपियों द्वारा 2 एवं 3 तारीख को कैश वैन की रेकी भी गई थी एवं अगली तीन रातों को रेगांव में मनीष सिंह के यहां उसके घर में ही रुकवाया गया।3 एवं 4 मार्च की दरमियानी रात को मनीष सिंह के रैगांव वाले आवास पर सभी उपस्थित रहे।सभी ने योजना बनाई और 4 तारीख को अमरपाटन थाना क्षेत्र में कट्टे की नोक पर एक बाइक लूटी उसके बाद 5 तारीख को भी थाना कोटर क्षेत्र के अबेर में कट्टे की नोक पर एक अन्य बाइक की लूट की घटना को अंजाम दिया। जिसमें 4 तारीख को लूटी गई मोटरसाइकिल का इस्तेमाल भी किया गया।घटना दिनांक 6 मार्च को लूटी गई दोनो मोटरसाइकिलों पर पांच व्यक्ति क्रमशः पल्सर मोटरसाइकिल पर अभिषेक निषाद ,जेडी उर्फ जिलेदार उर्फ छोटू यादव एवं निलेश यादव तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति शिवम सरोज एवं सुभाष यादव थे।साथ ही स्विफ्ट डिजायर कार नंबर ळझ्14ण्ण्7730 में ड्राइवर आनंद सागर हाईवे के पास खड़ा हुआ था जो सुभाष यादव को फोन पर कैशवैन की लोकेशन दे रहा था। लोकेशन देने के बाद वह बाईपास पहुंच गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपीगण बाइक छोड़कर स्विफ्ट डिजायर कार से बरगढ़ चित्रकूट से होते हुए प्रयागराज मार्ग से केराकट जौनपुर भाग गए।भूमिकाः दीपक सिंह पटेल : घटनास्थल के आसपास ही मौजूद रहा एवं आरोपियों से सतत संपर्क मे रहा।स्थानीय होने के कारण सामने न आते हुए बैकग्राउंड सपोर्ट दे रहा था। दीप नारायण पांडेः घटनास्थल के आसपास ही मौजूद रहा एवं आरोपियों से सतत संपर्क मे रहा।स्थानीय होने के कारण सामने न आते हुए बैकग्राउंड सपोर्ट दे रहा था।साथ मे तैयार भी थे की यदि कोई गड़बड़ हो जाती तो आरोपियों की मदद के लिए पहुच जाते। मनीष सिंहः आरोपियों को पनाह देना अपने रैगांव स्थित आवास पर रुकवाना।घटनास्थल के आसपास घूम रहा था।इसी के रैगाव वाले आवास पर सम्पूर्ण घटनाक्रम की योजना बनाई गई थी।एवं सभी को उनके कामों के बारे मे बताया गया था। राहुल जायसवालःआरोपियों को पनाह देना अपने सतना स्थित आवास पर रुकवाना।घटनास्थल के आसपास घूम रहा था।शहर मे कैश वैन की रैकी सतना मे रहकर ही की गई थी। गौरव सिंह बरगाहीः मनीष का परिचित जो आरोपियों के खाने-पीने की व्यवस्था देख रहा था साथ ही रैगाव से कोठी का रास्ता इसी के द्वारा दिखाया गया। सुभाष यादवः पेशेवर अपराधी।जेडी का खास आदमी जिसे जेडी ने जौनपुर से घटना को अंजाम देने के लिए बुलाया था।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक



## संक्षिप्त समाचार

### काँग्रेस कार्यकर्ताओ ने पूर्व महानगर अध्यक्ष के जन्मदिन पर दी बधाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के सँघर्षशील पूर्व अध्यक्ष महानगर शहाबुदीन का जन्मदिन सेक्टर 2 में केक काटकर काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया,काँग्रेस नेता लियाकत चौधरी ने कहा है कि सबके प्रिय



हर समय पार्टी के लिए सँघर्ष करने वाले सिपाही का जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ता उतसाहित,काँग्रेस के वरिष्ठ नेता सतेन्द्र शर्मा ने कहा है कि हमारे बीच के साथी के जन्मदिन पर हम भगवान से दीर्घायु की कामना करते है ऐसे ही पार्टी के लिए मजबूती से काम करते रहे,बधाई देने वालो में प्रदेश सचिव मुकेश यादव,वरिष्ठ नेता लियाकत चौधरी,काँग्रेस वरिष्ठ नेता सतेन्द्र शर्मा,प्रदेश सदस्य यतेंद्र शर्मा,आउटरीच के प्रदेश महासचिव विक्रम चौधरी,नेता दया शंकर पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष जीतू शर्मा,नेता इन्द्रजित तिवारी,प्रेम साह,सतपाल चाचा,नेता परवेज खान,विनोद पाल,रोहित कुमार,राजू पाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस और लुटेरे बदमाश के बीच हुई मुठभेड़

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सेक्टर-41 चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी, तभी सामने से आ रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया गया, किन्तु मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा मोटरसाइकिल रोकने के बजाय तेजी से भागने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा पीछा करने पर बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फॉयर किया गया, पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ हेतु चलायी गयी गोली पैर में लगने के कारण 1 बदमाश अमित पुत्र सुरेश निवासी जहांगीरपुर, बुलंदशहर वर्तमान निवासी सेक्टर-18, नोएडा को घायल अवस्था में सेक्टर-43, गोदरेज बिल्डिंग के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# अभाविप ने की नगरपालिका परिषर में जमकर नारेबाजी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मैहर द्वारा नगर




पालिका मैहर में स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर नगर पालिका सीएमओ मैहर को अध्यक्षा महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा। शा. स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैहर विधानसभा का सबसे बड़ा महाविद्यालय है जिसमें ग्रामीण एवं शहरी अंचल से हजारों की संख्या में आ रहे छात्र छात्राओं का अध्ययन एवं मार्गदर्शन का केंद्र बिंदु है त् छात्र महाविद्यालय से छूटने के बाद अपने अपने घरों की ओर प्रस्थान के लिए बस ऑटो इत्यादि वाहनों की प्रतीक्षा में रोड के किनारे खड़े रहते हैं उचित व्यवस्था ना होना एक्सीडेंट व गंभीर दुर्घटना का रूप ले सकता है और पूर्व मे भी ऐसी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं त् आटो चालकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग जोन ना होने के कारण महाविद्यालय के निकासी गेट के सामने ही ऑटो वाहनों का जमावड़ा लग जाता है और वहाँ व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है महाविद्यालय के प्रमुख गेट के पास रोड के किनारे एक छात्र प्रतीक्षालय बने, महाविद्यालय के प्रमुख द्वार के सामने बनी मेन रोड को 250-250स् दाएं एवं बाये दोनो तरफ चौड़ीकरण कर व्यवस्थित किया जाए एवं सूचनार्थ इंडिकेशन बोर्ड रोड के किनारे लगाए जाए, मेन रोड में बने ब्रेकर जो टूट गए हैं उन्हें व्यवस्थित किया जाए , कुछ दिनों में गर्मी का मौसम आने वाला है इसलिए रोड के किनारे निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था भी कराई जाए ।ज्ञापन सौंपने की सूचना अध्यक्षा महोदय को पूर्व में दे दी गई थी इसके बावजूद भी छात्रों की आवश्यकताओं को गंभीरता से न लेकर एक घंटे का इंतजार करने को बोला । विद्यार्थी परिषद इसकी कड़ी निन्दा करता है और जनता एवं छात्रों की समस्याओं को समय पर सुनने एवं पूरी करने की सलाह देता है।

## प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे- नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट बुधवार से पीजीडीएवी कॉलेज में

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**पीजीडीएवी कॉलेज द्वारा प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे- नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट



टूर्नामेंट का आयोजन 15 से 28 मार्च तक किया जाएगा। पीजीडीएवी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि देश स्वामी दयानंद सरस्वती का 200वां जन्मशताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी उत्सव को ध्यान रखते हुए पीजीडीएवी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार डबास और डॉ. मुकेश कुमार के अनुसार, टूर्नामेंट का उद्घाटन डे- नाईट मैच दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एन्ड कॉमर्स और दिल्ली कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज के बीच शाम 4.30 बजे से खेल जाएगा। सह- संयोजक डॉ. सुषमा चौधरी ने बताया कि हर मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया जायेगा। टूर्नामेंट में 8 डे-नाईट मैच होंगे। उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा के कर कमलों से होगा। इस आयोजन में दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों की क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में डीसीएसी, एआरएसडी और महाराजा अग्रसेन कॉलेज हैं। ग्रुप बी में आरएलए,श्यामलाल और स्टीफन कॉलेज को रखा गया है। ग्रुप सी में हिन्दू कॉलेज, ज़ाकिर हुसैन कॉलेज सहित इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान संस्थान है। वहीं ग्रुप डी में गुरुनानक देव खालसा कॉलेज, सीवीएस सहित मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज है।टूर्नामेंट में 12 लीग मैच, 2 सेमीफाइनल सहित 28 मार्च को फाइनल खेला जाएगा। डॉ पवन डबास के अनुसार इस वर्ष अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में पीजीडीएवी कॉलेज टीम सेमी फाइनल तक पहुंची थी। कॉलेज में फुटबॉल, मुक्केबाजी, वॉलीबॉल, ताइकवांदो आदि पर भी जोर दिया जाता है।प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा के नेतृत्व में कॉलेज, अकादमिक गतिविधियों के साथ- साथ खेल के क्षेत्र में भी व्यापक प्रगति कर रहा है। कॉलेज परिसर में उपलब्ध विभिन्न खेलों से सम्बंधित सुविधाओं में पिछले कुछ वर्षों से जो विकास हुआ उसके कारण छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। इसके फलस्वरूप अब सकारात्मक परिणाम भी मिलने लगे हैं।

# नोएडा के एसएचओ ने महिला एसआई से की अश्लील हरकत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** जिस शहर में पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर तमाम बड़े-बड़े दावे कर रही हैं । उसी शहर में थाने के भीतर खुद महिला एसआई भी सुरक्षित नहीं है। एक ऐसा ताजा मामला प्रकाश में आया है जिसने पुलिस महकमे को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब यह देखना जरूर दिलचस्प होगा कि इस प्रकरण में महकमे से जुड़े बड़े अधिकारी कोई कानूनी कार्रवाई करेंगे या जगहंसाई से बचने के लिए लीपापोती कर मामले को शांत करायेंगे। अब आपको विस्तार से बताते हैं पूरा मामला क्या है। नोएडा के एक थाने में तैनात महिला एसआई ने उसी थाने के एसएचओ पर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं शिकायतकर्ता महिला एसआई के पास बातचीत की व्हाट्सएप चैट भी मौजूद है। जिसके आधार पर उसने डीसीपी से मामले में कार्यवाही करने की अपील की है। पीड़िता का आरोप है कि एसएचओ पहले प्राइवेट नंबर से उसके पास में व्हाट्सएप चैट



पर बातचीत कर रहे थे । जब परेशान होकर महिला एसआई ने व्हाट्सएप उनका नंबर ब्लॉक कर दिया तो एसएचओ ने सीयूजी नंबर से व्हाट्सएप चैट करना शुरू कर दिया। बार-बार मना करने पर जब वह नहीं माने तो महिला एसआई को मजबूरन उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी देनी पडी । जानकारी यह भी मिली है कि होली के दिन महिला उपनिरीक्षक की ड्यूटी थाना क्षेत्र के ही एक सोसाइटी में लगी थी। एसएचओ को इसकी जानकारी मिलने पर सोसाइटी से महिला की ड्यूटी बदल सरकारी गाड़ी पर लगवा दी गई। महिला सब इंस्पेक्टर का आरोप है कि एसएचओ के द्वारा इस बीच बेड टच किया गया। रंग लगाने के दौरान अश्लील हरकतें भी की गई है। बताते चले कि महिला सब इंस्पेक्टर ने एसएचओ द्वारा की गई चैट के स्क्रीनशॉट भी शिकायत के साथ डीसीपी कार्यालय को उपलब्ध कराई है। जो अब जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं इस घटना की जानकारी होने पर पुलिस महकमे से जुड़े बडे अधिकारी भी हैरान है । थाने के भीतर महिला हेल्प डेक्स की स्थापना की गई है और उस पर आपको एक महिला कर्मचारी बैठी नजर आती है । लेकिन जब थाने के भीतर की ही ऐसी किसी महिला अधिकारी के साथ किसी एसएचओ के द्वारा ऐसी हरकत की जाए तो आम महिलाओं व बेटियों को ऐसे अधिकारी सुरक्षा की क्या गारंटी दे पाएंगे या आप खुद समझ सकते हैं।

## राज्यसभा में कांग्रेस पार्टी का सदन का उप नेता बनाये जाने पर काँग्रेस कार्यकर्ताओ ने बधाई दी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** काँग्रेस के नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य सतेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में काँग्रेस नेताओ



ने दिल्ली स्थित आवास पर काँग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद आदरणीय प्रमोद तिवारी को राज्यसभा ने कांग्रेस पार्टी का सदन का उपनेता बनाये जाने पर उनको पगड़ी एव गुलदस्ता देकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की,श्री सतेन्द्र शर्मा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश की रणनीति के वरिष्ठ नेता सदैव हर वर्ग की मदद कर करने वाले काँग्रेस पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर मजबूती से काम करने वाले नेता को काँग्रेस पार्टी की नेता श्रीमती सोनिया गाँधी जी ने अहम पद देकर उत्तर प्रदेश काँग्रेस के कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है प्रमोद तिवारी जी सदन में मजबूती से काँग्रेस पार्टी का पक्ष रखते है और लोगो की आवाज को सदन में अपने स्तर से उठाते है,हम सभी काँग्रेस कार्यकर्ता शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते है। प्रमोद तिवारी ने काँग्रेस कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया,बधाई देने वालो में प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक लियाकत चौधरी,वरिष्ठ नेता सतेन्द्र शर्मा,प्रदेश सदस्य यतेंद्र शर्मा,राजू सहित कार्यकर्ता रहे।

## मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी जी ने सभी सम्मानीय किसानों भाईयो से कि अपील

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** जैसा की आप जानते हैं कि फाल्गुन और चैत्र माह का महीना वह समय होता है जब आप सभी के द्वारा लगाई गई गैंहू/सरसो एवं





अन्य फसलें कुछ ही दिनों में पक कर बिल्कुल तैयार हो जाएंगी या हो गई होगी त् ऐसे समय में खेतों में खड़ी अथवा खलिहान में रखी फसलों को आमतौर पर आगजनी के चलते नुकसान होता है,जिसकी पीड़ा आप अन्नदाता से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता त् मैं देश-प्रदेश के सभी किसान भाइयों से अनुरोध करता हूं कि ऐसा समय आने से पहले हम सावधानी और समझदारी के साथ अपनी फसलों को सुरक्षित कर सकते हैं त् इसके लिए जरूरी है कि हम अपने-अपने खेतों पर लगे ट्रांसफार्मर के आसपास लगभग 10̍10 फिट तक सफाई व्यवस्था कर दे, हाई वोल्टेज तारों के नीचे फसलों का संग्रहण ना करें जिससे किसी भी प्रकार से इलेक्ट्रिसिटी फॉल्ट अथवा बिजली के तारों से निकलने वाली चिंगारी से होने वाली आगजनी से फसलों को सुरक्षित रखा जा सके। आप सभी को पता है की सहयोग, समझदारी, सतर्कता ही बचाव है । अतः आगजनी से फसलों के बचाव के लिए समझदारी और सतर्कता से काम ले । एक बार पुनः आप सभी को सादर नमन।

## कृर्ष दिव्य लौ ट्रस्ट ने होली मिलन समारोह आयोजित किया


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** कृषतारा दिव्य लौ ट्रस्ट की संस्थापक आचार्य कृष्णा शर्मा द्वारा महिला दिवस के मौके पर आयोजित होली मिलन सम्मान समारोह का आयोजन सामुदायिक केन्द्र सैक्टर 19, नोएडा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय सांसद डा. महेश शर्मा, महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती विमला बाथम उपस्थित रहीं। इस मौके पर सभी महिलाओं ने मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। उ0 प्र0 महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती विमला बाथम ने कहा कि मैं महिला आयोग की अध्यक्ष हूँ और महिलाओं की हर समस्याओं को सुनना और समझना मेरा कतर्व्य भी है और आगे भी मैं महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करती रहूंगी।सांसद डा.



महेश शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं यशस्वी मुख्यमंत्री योगी के द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए बहुत सारी योजनाओं पर कार्य कर रही है। हम सब मिलकर देश की महिलाओं को और भी मजबूत करने के लिए कार्य करेंगें। महिलाएं अपने देश में ही नही बल्कि पूरे विश्व में अपना नाम रोशन कर रही है। इस सम्मान समारोह के मौके पर संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि, संजीव सिंह (निगम पार्षद दिल्ली), निक्की सिंह, पूर्व पार्षद दिल्ली, श्वेता तिवारी, शबनम खान, अम्बरीश त्रिपाठी, रीता यादव (साइबर क्राइम आफिसर) दीपक द्विवेदी, नमिता बाली, प्रियंका सलूजा, देवेश गोल्डी शर्मा, सनम, प्रतिभा श्रीवास्तव, वीरेन्द्र चंदेल, अनीश अहमद, अनु गर्ग, मनीषा शर्मा, निखिल शर्मा, रामकर्णी, शारदा सिंघल, , रागिनी पोरवाल रूचि रस्तोगी, आलोक प्रजापति, ज्योति भोल, रमा शर्मा, राधिका सूद, चारू बाली, रश्मि कंवल, कल्पना शर्मा, सचिन, कौशल किशोर, मंजू चौरसिया, गोपाल चौरसिया प्रिया पवन, समेत काफी बच्चें उपस्थित रहें।

# जिला पंचायत सतना मध्य प्रदेश सदस्य वार्ड क्रमांक 12 देवदत्त सोनी ने जिला कलेक्टर को लिखा पत्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत समारोह का आयोजन अलाउद्दीन खान स्टेडियम मैहर में आयोजित किए जाने के सम्बंध में। बाबा के कार्यक्रम स्थल परिवर्तन से लोगो मे भारी आक्रोश जिला पंचायत सतना मध्य प्रदेश सदस्य वार्ड क्रमांक 12 देवदत्त सोनी ने जिला कलेक्टर को लिखा पत्र उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत समारोह का आयोजन अलाउद्दीन खान स्टेडियम मैहर में आयोजित किए जाने बाबत, उपरोक्त विषय पर लेख है कि मैहर में प्रतिवर्ष संगीत समारोह भव्यता के साथ अलाउद्दीन खान स्टेडियम में आयोजित होता चला आ रहा है इस वर्ष उक्त कार्यक्रम का छोटी सी जगह बस स्टैंड में आयोजित किया जा रहा है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि शासन-प्रशासन सिर्फ औपचारिकता कर रहा है इस



कार्यक्रम के लिए हमेशा मैहर में बैठक आयोजित की जाती थी इस वर्ष सतना में मीटिंग लेकर स्थल परिवर्तित कर लिया गया जिससे संगीत प्रेमियों में बाबा से आस्था रखने वाले लोगों की भावनाओं पर ठेस पहुंच रही है उक्त मैदान उस्ताद अलाउद्दीन खाँ के नाम से होने के बाद भी उन्हीं के कार्यक्रम से आयोजित कार्यक्रम के लिए जगह न मिल पाना चिंता का विषय है अतः अनुरोध है कि लोगों की भावनाओं को देखते हुए बाबा के सम्मान में स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने का कष्ट करें आपका देवदत्त सोनी प्रदेश महासचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला पंचायत सदस्य सतना बाबा अलाउद्दीन खां कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्थान परिवर्तित होने से लोगो मे बहुत बड़ा आक्रोश है लेकिन शासन प्रशासन को मैहर के लोगो की भावनाओ की कोई कद्र नही इसलिये तो कार्यक्रम की बैठक को मैहर के बजाय जिले में ली गई थी बैठक, इसी सम्बन्ध में सांकेतिक पत्र देकर देवदत्त सोनी प्रदेश महासचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला पंचायत सदस्य सतना ने अवगत कराया है।

# किसान सभा के आह्वान पर हजारों किसानो ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का घेराव कर किया जोरदार धरना प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**अखिल भारतीय किसान सभा गौतम बुध नगर कमेटी के आह्वान पर आज हजारों किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का घेराव कर जोरदार तरीके से धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को किसान सभा केंद्रीय कमेटी सदस्य पुष्पेंद्र त्यागी ने संबोधित करते हुए किसानों के ज्वलंत मुद्दों और सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों को रेखांकित किया और 20 मार्च 2023 को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में और 05 अप्रैल 2023 को दिल्ली में होने वाली अखिल भारतीय किसान मजदूर संघर्ष रैली में भारी संख्या में शामिल होने की अपील किया। साथ ही किसानों को आश्वासन दिया कि किसान सभा गौतम बुध नगर के किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेगी और हम एकता बद संघर्ष से प्राधिकरण को अपनी मांगें मानने के लिए मजबूर कर देंगे। किसानों के आंदोलन के समर्थन में सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव राम स्वारथ के नेतृत्व में दर्जनों सीटू कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। किसानों का नेतृत्व कर रहे किसान सभा के जिला प्रवक्ता डॉ रुपेश वर्मा ने बताया कि लीजबैक, आबादी का निस्तारण, 10ज्ञ् भूखंड आदि कई ज्वलंत समस्याएं हैं जिनका कई बार सहमति होने के बाद भी प्राधिकरण व प्रदेश सरकार द्वारा समाधान नहीं किया जा रहा है साथ ही आए दिन किसानों की आवाजों को तोड़ने का प्रयास हो रहा है इस बार किसान आर पार की लड़ाई के मूड में है। किसानों के आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार भाटी सहित कई राजनीतिक दलों और संगठनों के नेताओं ने हिस्सा लिया और प्रदर्शन को संबोधित किया।



## पत्रकारिता के पुरोधा डा.वेद प्रताप वैदिक नहीं रहे

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** पत्रकारिता के पुरोधा डा.वेद प्रताप वैदिक से पूछ रहे हैं।ठकि तुम गए कौन से देशठ! ज्ञातव्य हो कि देश के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार और लेखक वेद प्रकाश वैदिक का आज सुबह 78 साल की उम्र में निधन हो गया।आज सुबह करीब 9 बजे,वह बाथरूम में फिसल गये थें,उसके बाद उन्हें घर के पास स्थित प्रतीक्षा अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उनको मृत घोषित कर दिया।डा.वैदिक देश के चर्चित राजनीतिक विश्लेषक और स्वतंत्र स्तंभकार थें।वैदिक प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की हिंदी समाचार एजेंसी 'भाषा' के संस्थापक संपादक भी रहे। डा वैदिक ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज' से अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की थी।उन्होंने पिछले 60 वर्षों में हजारों लेख लिखे।वह लगभग 10 वर्षों तक पीटीआई भाषा (हिन्दी समाचार समिति) के संस्थापक-संपादक और उसके पहले नवभारत टाइम्स के संपादक (विचारक) रहे थें। फिलहाल दिल्ली के राष्ट्रीय समाचार पत्रों तथा प्रदेशों और विदेशों के लगभग 200 समाचार पत्रों में भारतीय राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर डॉ. वैदिक के लेख हर सप्ताह प्रकाशित होते रहते थें।पाकिस्तान स्थित आंतकवादी



हाफिज सईद का भी साक्षात्कार लिया,तब वह खास चर्चा में रहे थें।हमारे सूत्रों ने बताया कि 14 मार्च सुबह 9 बजे से 1 बजे तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास स्थान गुड़गांव (242, सेक्टर 55, गुड़गांव) में रखा जाएगा। उनका अंतिम संस्कार 15 मार्च को लोधी क्रेमेटोरियम,नई दिल्ली में बुधवार,शाम 4 बजे होगा।


## सतना से फरार हुए हत्या के आरोपी को कुछ दिवस के अंदर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।**पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए हत्या के आरोपी साहबलाल उर्फ सिब्बि को पकड़ने बाले ऊँचेहरा थाना के आरक्षक निखिल यादव और वनकर्मी अजय भदौरिया को पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने किया सम्मानित।

# मां के संघर्ष की रुलाने वाली कहानी में रानी मुखर्जी की दमदार अदाकारी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** वास्तविक कहानियों से हिंदी सिनेमा हमेशा से प्रभावित रहा है। आशिमा छिब्बर निर्देशित मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे, सागरिका चक्रवर्ती की कहानी से प्रेरित है, जिसके बच्चों की कस्टडी नार्वे की चाइल्ड वेलफेयर सर्विस अपने पास रख लेती है, क्योंकि उनके अनुसार वह अपने बच्चों की सही से देखभाल नहीं कर रही थीं। फिल्म की कहानी भी इसी दर्दनाक घटना से शुरू होती है, जब नार्वे सरकार के नियमों के मुताबिक चाइल्ड वेलफेयर विभाग वाले देबिका (रानी मुखर्जी) और अनिरुद्ध चटर्जी (अनिर्बन भट्टाचार्य) के दोनों बच्चों शुभ और शुची को उठाकर ले जाते हैं। उन्हें फास्टर होम में रख दिया जाता है। वजह बताई जाती है कि 10 हफ्तों की निगरानी के बाद देखा गया है कि देबिका हाथ से अपने बच्चों को खाना खिलाती है, माथे पर टीका लगाती है, बच्चे को साथ सुलाती है। यहां से शुरू होती है, देबिका की अपने बच्चों को वापस पाने की जद्दोजहद। अनिरुद्ध नार्वे की नागरिकता पाने में इतना उलझा हुआ है कि उसे देबिका का दर्द नहीं दिखता। सब मिलकर देबिका को मानसिक तौर पर बीमार साबित करने में लग जाते हैं। देबिका, नार्वे से लेकर भारत सरकार तक हर किसी से मदद मांगती है। क्या वह कामयाब होगी, इस पर कहानी बढ़ती है मेरे डैड की मारुति जैसी कॉमेडी फिल्म बना चुकीं आशिमा छिब्बर ने इस फिल्म को संवेदनशीलता से बनाया है। हालांकि, फिल्म कई जगहों पर भावनाओं का संतुलन नहीं साध पाती है, पर अंत तक उस मुकाम वह शॉट निकल भी जाता है, जबकि वही सीन फिल्म की नींव है। कई जगहों पर हिंदी के अलावा बांग्ला और नार्वेजियन भाषा का प्रयोग किया गया है, हो सकता है कई लोगों को समझने में दिक्कत हो, बच्चों के पालन-पोषण के लिए हर शर्त मानने को तैयार होती है। फिल्म में भारत और नार्वे के कोर्ट में दो ऐसे सीन हैं, जहां पर आंखें नम होंगी। फिल्म का संवाद, 'मेरे लिए यही सही है कि हम अपने दोनों



पर पहुंच जाती है, जिसके लिए बनाई गई है। शुरुआत में फिल्म से जुड़ने में समय लगता है, क्योंकि कहानी तेजी से भागती है जितनी देर में आप समझेंगे कि मां से बच्चों को छीन लिया गया है, तब तक हालांकि सीन के बहाव में वह रुकावट नहीं लगता।दिल में भारीपन तब महसूस होता है, जब कोर्ट में अपनी टूटी-फूटी अंग्रेजी में एक मां अपने भारतीय तौर-तरीकों को भूलकर नार्वे के अंदाज में अपने बच्चा लोग के लिए लड़ूं, ये कोर्ट में, अगला कोर्ट में जिस-जिस जगह हमको न्याय मिलेगा, दुनिया का कोई भी जगह वहां जाकर हम लड़ूंगा...', एक मां के अटल विश्वास को दर्शाता है कि वह अपने बच्चे पाकर रहेगी। 'मैं कमाता हूं...वह घर का ख्याल रखती है... एक ही काम था बच्चा संभालने का वो भी नहीं हो पाया...,' ऐसे संवादों से आशिमा उन घरों की झलक दिखा जाती हैं, जहां पितृसत्ता है। घरेलू हिंसा का मुद्दा भी वह सतही तौर पर छूती हैं। रानी ने बताया था कि इस फिल्म को करने से पहले वह सागरिका से नहीं मिली थीं। फिर भी वह सागरिका के दर्द, गुस्से और संघर्ष को महसूस कर पाईं। देबिका के व्यक्तित्व में एक बदलाव है। जैसे जब तक वह सिर्फ एक पत्नी है, वह पति की मार सहती है, लेकिन जब उसके बच्चे उससे दूर होते हैं तो वह किसी घायल शेरनी से कम नहीं होती। जब उसे पति थप्पड़ मारता है, तो वह जोर से घुमाकर थप्पड़ मारती है।कमजोर पत्नी से बच्चे के वियोग में गुस्सैल और तड़पती मां का यह शिफ्ट रानी ने विश्वसनीयता से दर्शाया है। नार्वे के वकील डैनियल सिंह सियुपिक की भूमिका में जिम सरभ और भारत की वकील मिस प्रताप की भूमिका में बालाजी गौरी दोनों का ही काम सराहनीय है दोनों के बीच कोर्ट की बहस दिलचस्प है। अनिर्बन भट्टाचार्य स्वार्थी इंसान की भूमिका को सहजता से निभाते हैं। फिल्म के अंत में बांग्ला और हिंदी भाषा में कौसर मुनीर का लिखा और मधुबंती बागची का गाया गाना आमी जानी रे... बेहद खूबसूरत है।

# वेब सीरीज रॉकेट बॉयज 2 में इस महान व्यक्ति का रोल प्ले करेंगे इश्वाक सिंह, ऐसा होगा एक्टर का रोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** वेब सीरीज 'रॉकेट बॉयज' से पहचान पाने वाले इश्वाक सिंह अब 'रॉकेट बॉयज 2' में डा. विक्रम साराभाई का किरदार दोहराने को तैयार हैं। बैकस्टेज से बड़े पर्दे काम मिला तो वो अच्छे फिल्मेमकर्स थे, वहां से काम बढ़ता चला गया। ये सीख स्टेज से मिली है, वहां हीरो वाला कांसेप्ट नहीं होता। वहां जो सबसे विचित्र किरदार होता है, लोग उसके पीछे भागते हैं। टेढ़े पात्र में उस पात्र को कुछ दे पाऊंगा। डा. विक्रम साराभाई की भूमिका निभाते वक्त मैंने निजी अनुभव भी इसमें डाले। मैंने अपनी समझ के दायरे को बढ़ाया है, क्योंकि डा. विक्रम साराभाई की





तक आने को लेकर उत्साहित इश्वाक ने प्रियंका सिंह के साथ साझा किए अपने जज्बात'रांझणा' फिल्म में छोटे से किरदार से शुरू हुआ अभिनेता इश्वाक सिंह का अभिनय का सफर 'अलीगढ़', 'वीरे दी वेडिंग' जैसी फिल्मों से होता हुआ 'बर्लिन', 'बस करो आंटी' तक पहुंच गया है, मगर उनकी वेब सीरीज 'रॉकेट बॉयज 2' से उन्हें सराहना व पहचान मिली। सोनी लिव की इस वेब सीरीज का दूसरा सीजन 'रॉकेट बॉयज 2' भी अब जल्द ही दर्शकों के सामने आने वाला है।अपने इस सफर को लेकर इश्वाक कहते हैं, ठकई कलाकारों का यह विचार होता है कि मैं बड़े निर्माता-निर्देशकों के साथ बड़ा रोल ही करूं। मैं रंगमंच से आया हूं, जहां कोरस में 100 लोगों के पीछे खड़े होकर भी उतनी ही ईमानदारी के साथ काम करता था। फिर सात साल बाद बड़े नाटकों में लीड किया। बैकस्टेज से लेकर स्टेज पर आने तक का जो सफर होता है, वो मजेदार रहा। जब फिल्मों में छोटा ज्यादा अपील करते हैं, क्योंकि वहां लेखन मायने रखता है।'क्या इश्वाक बॉक्स ऑफिस की रेस से खुद को दूर रखना चाहते हैं? इस पर वो कहते हैं, 'कला के साथ ये बिजनेस भी है, जिसका मतलब है कि पैसे बनाने पड़ते हैं। यहां और विदेश में बड़ी-बड़ी फिल्में तभी बन पा रही हैं, जब वो पैसे कमाती हैं। अगर 'गॉडफादर' सुपरहिट नहीं होती तो उसकी सफलता की कहानियां या उसके कलाकार रोल मॉडल कैसे बनते। किसी भी कंटेंट के लिए प्रासंगिक होने के साथ ही कमर्शियल सफलता बहुत आवश्यक है। ये संतुलन बनाना ही जरूरी है।''रॉकेट बॉयज 2' में इश्वाक एक बार फिर डा. विक्रम साराभाई की भूमिका में होंगे। वो कहते हैं, 'जब मैंने पहली बार इसकी स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी से इस पर विश्वास था। दूसरे सीजन को लेकर वो विश्वास बढ़ गया है। इस बार डा. साराभाई को गहराई से जानने का मौका मिला है। जब मैं कोई काम चुनता हूं तो उसकी सबसे बड़ी वजह यही होती है कि क्या वो पात्र मुझे कुछ दे पाएगा या उपलब्धियां बहुत बड़ी हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई और कम साधनों का सही प्रयोग किया। डा. होमी जहांगीर भाभा के साथ मिलकर कम साधनों में लैब और इसरो की शुरुआत की, बैलगाड़ी पर रॉकेट लेकर जाते थे। जुगाड़ लगाकर बेसिक तरीकों से उस जमाने में जो उपलब्धियां हासिल कीं, वे प्रेरणादायक हैं। उनकी बातें जानकर मैं आश्चर्य में पड़ जाता था। उनकी तरह मैं भी जिंदगी में वह जुनून और अनुशासन लाना चाहता हूं।' इश्वाक कहते हैं, 'अच्छी कहानियां कलाकार को मजबूत करती हैं। आज यदि अलग-अलग जोनर के काम मुझे मिल रहे हैं तो इस वेब सीरीज की वजह से ही हो रहा है, जिसमें मुझे डा. विक्रम साराभाई की उपलब्धियां ही नहीं, बल्कि उनकी निजी जिंदगी व अन्य पहलू भी दिखाने का मौका मिला। एक एक्टर के लिए ये ड्रीम रोल के समान है। अच्छी बात ये है कि मेकर्स को महसूस हो रहा है कि मुझमें वो क्षमता है कि मैं अलग-अलग तरह के रोल कर पाऊंगा।

# कृष्णा मुखर्जी की शादी में अली गोनी-जैसमिन भसिन के डांस ने लूटी महफिल, वीडियो देख क्रेजी हुए फैंस


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**एली गोनी और जैसमिन भसिन ग्लैमर वर्ल्ड की हिट जोड़ी में से एक है। दोनों ने 'बिग बॉस 14' में हिस्सा लिया था, जहां तकरार और खट्टी-मीठी नोंकझोंक के बीच इन्हें एक दूसरे से प्यार हो गया। फैंस को इन दोनों को साथ में देखना काफी अच्छा लगता है। हाल ही में उन्हें 'ये है मोहब्बतें' की एक्ट्रेस और उनकी दोस्त कृष्णा इंटरनेट पर लोग दीवाने हुए जा रहे हैं। कृष्णा मुखर्जी और चिराग बाटलीवाला के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन 11 मार्च को मेहंदी के साथ शुरू हुए। अली गोनी और जैसमिन भसिन को पंजाबी सॉन्ग 'झांझर' पर थिरकते देखा गया। इसमें फ्री स्टाइल डांस मूव्स के साथ ही उन्होंने भांगड़ा भी किया, जिस कारण उनका डांस देखते बन रहा था। इतना हीं नहीं, बल्कि




मुखर्जी की शादी में देखा गया, जहां दोनों ने जमकर नाच गाना किया। कृष्णा मुखर्जी ने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड चिराग बाटलीवाला से शादी की है। उनकी शादी गोवा में हुई, जिसके लिए उनके सभी दोस्त मुंबई से रवाना हो चुके हैं। कृष्णा और चिराग की शादी के सभी फंक्शन्स धूमधाम से पूरे किए गए। इसकी एक बानगी संगीत नाइट में देखने को मिली, जहां एली गोनी के गर्लफ्रेंड जैसमिन भसिन के साथ डांस ने समा बांध दिया। संगीत में अली और जैसमिन ने जो परफॉर्मेंस दी है, उसे देखकर अंत में अली ने जैसमिन को गोद में उठा लिया, जिसका वीडियो देख फैंस उनके भी जल्द ही शादी करने की कामना कर रहे हैं। अली और जैसमिन के डांस को इतना पसंद किया गया कि लोगों ने उनके लिए तारीफों के पुल बांध दिए। जहां अली ने ग्रीन कलर के ब्लेजर के साथ वाइट शर्ट और ब्लैक पैंट पहना था। वहीं, जैसमिन ब्राउन शेड के शिमरी शरारा में बला की खूबसूरत लग रही थीं। फैंस ने कपल के डांस पर रिएक्शन देते हुए कहा कि यह दोनों कितने प्यारे लग रहे हैं।

# अमेरिकी पुलिस ने किया 'नाटू नाटू' गाने का हुक स्टेप्स, यूजर्स बोले- ये है भारत का जलवा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** डायरेक्टर एस.एस. राजामौली की फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को ऑस्कर से सम्मानित किया गया है। 12 मार्च को को यूएस के लॉस एंजेलिस में ऑस्कर 'नाटू नाटू' पर डांस करती नजर आ रही है। इस वीडियो में कई लोग सड़क पर होली खेलते दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में 'नाटू नाटू' गाना भी बज रहा है। आम लोगों के साथ दो पुलिस ऑफिसर था। एक कमरे में 'आरआरआर' फैमिली ऑस्कर की जीत का जश्न चल रहा है। वीडियो में एमएम कीरावनी पियानो बजाते दिखाई दे रहे है और सभी उनकी धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं। इस दौरान





अवॉर्ड का आयोजन किया गया था। देशभर में हर कोई इस जीत का जश्न मना रहा है। इसी बीच अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अमेरिका की पुलिस भी नाटू-नाटू गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। ट्विटर पर एक यूजर ने इस वीडियो को शेयर किया है, जिसमे कैलिफोर्निया की पुलिर्स के गाने भी इस गाने के हुक स्टेप्स करते दिख रहे हैं। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। हालांकि, ये वीडियो 11 मार्च को शेयर किया गया है, जिससे साफ है कि इस गाने को मिले ऑस्कर अवॉर्ड से पहले ही इसका जादू दुनिया भर में चल चुका था। 'आरआरआर' के ऑस्कर जीतने के जश्न की वीडियो भी सामने आया राम चरण, उपासना कामिनेनी, एसएस राजामौली और उनकी वाइफ समेत कई और भी लोग नजर आए थे। इस साल भारत को एक नहीं बल्कि दो ऑस्कर अवॉर्ड मिले है। आरआरआर के नाटू नाटू गाने को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में अवॉर्ड मिला तो शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म द एलिफेंट व्हिस्परर्स को भी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया।

# कृष्णा मुखर्जी की शादी में पंडित जी ने दिलाया ऐसा वचन, ठहाके लगाने पर मजबूर हुए लोग





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**'ये हैं मोहब्बतें' फेम कृष्णा मुखर्जी फाइनली चिराग बाटलीवाला के साथ शादी के बंधन में बंध चुकी हैं। उनकी शादी की पिक्चर्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कृष्णा और चिराग ने अपनी शादी की पिक्चर्स खुद सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। कृष्णा ने शादी में व्हाइट और रेड लहंगा पहना तो वहीं चिराग भी मैचिंग आउटफिट में नजर आए। अब कपल की शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिसमें कृष्णा और चिराग को पंडितजी नया वचन दिलाते नजर आ रहे हैं। इस नए वचन ने फैंस का दिल छू लिया। कृष्णा मुखर्जी और चिराग बाटलीवाला की शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। जिसमें पंडित जी कृष्णा और चिराग को शादी के वचन दिलवाते दिख रहे हैं। इसी बीच पंडितजी दोनों को एक नया वचन दिलवा देते हैं जो वहां मौजूद लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर देता है। इस दौरान कृष्णा और चिराग भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। दरअसल पंडित जी ने कहा, इंस्टा-फेसबुक पर चिराग को कृष्णा की कोई बात पसंद हो या ना हो, लाइक और कमेंट एव्रीडे करना है।ठ गोवा में 13 मार्च को रीति रिवाज के साथ कपल ने बंगाली रस्मों के साथ एक-दूसरे को सात जन्मों का साथी बना लिया है। इस खुशी के मौके पर दोनों के करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य मौजूद रहे। बता दें कि कुछ दिन पहले ही कृष्णा ने चिराग के साथ शादी की घोषणा की है। चिराग के साथ पिक्चर्स शेयर कर एक्ट्रेस ने फैंस को ये जानकारी दी थी।

# कौन हैं नाटू नाटू गाने में राम चरण-एनटीआर जूनियर संग थिरकने वाली ओलिविया लिखी भावुक पोस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आरआरआर के नाटू नाटू गाने की ऑस्कर जीत ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का मान-सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ाया है। पहली बार किसी भारतीय फिल्म ने एकेडमी अवॉर्ड्स की बेस्ट ऑरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में पुरस्कार जीता है। आरआरआर में कई विदेशी कलाकारों ने भी काम किया था, जिनमें से एक ओलिविया मॉरिस हैं, जो नाटू नाटू गाने का भी हिस्सा हैं। एक्ट्रेस ने अपनी खुशी सोशल मीडिया के जरिए जाहिर करते हुए फिल्म की शूटिंग के वक्त को याद किया है। ओलिविया ने सोमवार को ऑस्कर पुरस्कार की घोषणा के बाद इंस्टाग्राम पर राम चरण और एनटीआर जूनियर के साथ गाने की कुछ तस्वीरें शेयर करके लिखा- जागने पर यह जबरदस्त खबर मिली। मैं सातवें आसमान पर हूं, यह कहना बहुत कम होगा। कीव में इस गाने की शूटिंग के 15 दिन गुजरने से पहले मुझे वो पल याद है, जब नाटू नाटू




पहली बार सुना था। ओलिविया आगे लिखती हैं- इस गाने की एनर्जी ने मुझ पर गहरा असर किया था। अब यह गाना सुनकर मुझ आनंद के साथ गर्व की भी अनुभूति होती है। शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता कि ऑस्कर जीतने पर मैं कितनी खुश हूं। राजामौली, मुझे फिल्म में लेने के लिए आपका शुक्रिया, जिससे में इस अद्भुत गाने का हिस्सा बन सकी। ओलिविया मॉरिस नाटू नाटू गाने का अहम हिस्सा हैं। यह गाना राम चरण, एनटीआर जूनियर और ओलिविया पर ही फिल्माया गया है। ओलिविया ने फिल्म में विलेन स्कॉट की भतीजी जेनिफर का रोल निभाया था। एनटीआर जूनियर के किरदार कोमाराम भीम के दिल में उसके लिए प्रेम जागता है। नाटू नाटू गाने को जिस परिस्थिति में दिखाया गया है, वो ओलिविया के किरदार की वजह से ही उत्पन्न होती है। गाना फिल्म में तब होता है, जब जेनी के निमंत्रण पर कोमाराम और अल्लूरी सीताराम राजू (राम चरण) स्कॉट के महल में पहुंचते हैं। वहां ब्रिटिश युवाओं से डांस की चुनौती के तौर पर गाना दिखाया जाता है। नाटू नाटू गाने का संगीत एमएम कीरावनी ने दिया है, जबकि काल भैरव और राहुल सिप्लिगंज ने आवाज दी है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम रक्षित ने की। 26 साल की ओलिविया मॉरिस मूल रूप से ब्रिटिश अभिनेत्री हैं। दिलचस्प पहलू यह है कि आरआरआर उनकी डेब्यू फिल्म है। ओलिविया इससे पहले एचबीओ मैक्स की सीरीज होटल पोर्टोफिनो में नजर आयी थीं, जो उनका टीवी डेब्यू था। अब एचबीओ मैक्स की सीरीज द हेड के दूसरे सीजन में ओलिविया दिखायी देंगी।

# ट्रांसपेरेंट गाउन में कराया बोल्ड फोटोशूट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस फिल्म इंडस्ट्री



की हिट एक्ट्रेसेस में से हैं। अपने करियर में जैकलीन ने कई हिट फिल्में दी हैं। जैकलीन इन दिनों सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर खूब चर्चा में हैं। वहीं, अब उनका लेटेस्ट बोल्ड लुक चर्चा में बना हुआ है। जैकलीन इन तस्वीरों में सुपरबोल्ड नजर आ रही हैं। जैकलीन फर्नांडिस का वायरल हो रहा लुक ऑस्कर पार्टी के दौरान का है। आपको बता दें कि जैकलीन फर्नांडिस ने ये ट्रांसपेरेंट ड्रेस ऑस्कर्स 2023 की व्यूइंग पार्टी में पहनी थी। जैकलीन फर्नांडिस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने ऑस्कर पार्टी लुक की तस्वीरें पोस्ट की हैं। इस दौरान जैकलीन ने ट्रांसपेरेंट गाउन पहना हुआ था, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इन फोटोज में आप देख सकते हैं कि जैकलीन ने ब्लैक कलर का ट्रांसपेरेंट गाउन पहना हुआ है, जिसमें वह अपना हॉट फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।